रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एम.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 161] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 13, 1985/श्रावण 22, 1907
No. 161] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 13, 1985/SRAVANA 22, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं. 27-आई टी सी (पी एन)/85—88

नई दिल्ली, 13 अगस्त, 1985

विषय :—उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (यू पी एस ई बी) के अनपारा "ख" थर्मल पावर स्टेशन निर्माण परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा विस्तारित 24.1 बिलियन येन के येन क्रेडिट के अधीन माल और सेवाओं के आयात के संबंध में लाइसेंसिंग शर्तें।

मिसिल सं० आई. पी. सी./23(18)/84-85.—उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (यू पी एस ई बी) के अनपारा "ख" थर्मल पावर स्टेशन निर्माण परियोजना की आयात आवश्यकताओं के वित्त पोषण के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा विस्तारित 24.1 बिलियन येन क्रेडिट के अधीन आयात लाइसेंसों के निर्गमन पर नियंत्रण रखने वाली शर्तें जो प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, जानकारी के लिए अधिसूचित की जाती हैं।]

राजीव लोचन मिश्रा, मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 27-आई टी सी (पी एन)/85—88 दिनांक 13-8-1985 का परिशिष्ट।

जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान की गई उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (यू पी एस ई बी) के अनपारा "ख" थर्मल पावर स्टेशन निर्माण परियोजना को कार्यान्वयन करने के लिए येन 24.1 बिलियन के येन क्रेडिट के अधीन माल और सेवाओं के आयात के सम्बन्ध में लाइसेंस शर्तें।

खंड-1 सामान्य शर्तें

1(1) यू पी एस ई. बी की अनपारा "ख" थर्मल पावर स्टेशन निर्माण परियोजना की आयात आवश्यकताओ को वित्तदान करने के लिए जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान किया 24 1 बिलियन येन का ऋण विकासशील देशो जिसमे भारत और जापान शामिल है, के लिए खुला है। तदनुसार, इस क्रेडिट के अधीन अधिप्राप्त की जाने वाली वस्तुए और सेवाए जापान और सभी देशो (भारत सहित) अनुबध-1 की सूची मे उद्धृत सभी देशो से आयात की जा सकती है। ये देश इस ऋण के अतर्गत पात्र स्रोत देश होगे।

1(2) क्रेडिट के अधीन केवल उन्ही मदो और उसी मूल्य के लिए लाइसेस जारी किए जा सकते हैं जिनके लिए महानिदेशालय, तकनीकी विकास/पूजीगत माल समिति द्वारा विशेष रूप से निकासी कर दी गई हो। इस क्रेडिट के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेस (सो) येन का मूल्य 26.5 मिलियन (लागत-बीमा-भाडा) येन से अधिक नही होना चाहिए।

आयात लाइसेंस का रुपये मे मूल्य, राजस्व विभाग (सीमा-शुल्क) द्वारा अधिसूचित विनिमय दर और आयात लाइसेंस जारी करने की तिथि को प्रचलित दर और मुख्य नियत्रक, आयात निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना स. 78-आई टी सी (पी एन)/74, दिनाक 6 जून, 1974 के पैरा-2 के अनुसार आयात लाइसेंस म सकेतित दर पर निर्धारित किया जाएगा, जिसमे यह उल्लेख है कि सीमा-शुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस (सो) मे निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय दर पर लाईसेस मूल्य के नाम डालेंगे। लाइसेंस पर एक शीर्षक "जापानी येन ऋण स आई डी पी-20" होगा। प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस मे "एस/जेसी" कोड होगा। यू पी एस. ई. बी को आयात लाइसेंस भेजते समय मुख्य नियत्रक, आयात-निर्यात के पत्र मे भी इसे दुहराया जाएगा, जिसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को पृष्ठांकित की जानी चाहिए।

1(3) लागत-बीमा-भाडा के आधार पर केवल उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के नाम मे लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

1(4) उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की सुविधा पर निर्भर करते हुए एक से अधिक आयात लाइसस क्रेडिट के अधीन जारी किए जा सकते है। लेकिन कुल मूल्य येन 26.5 बिलियन (लागत-बीमा-भाडा) येन से अधिक नही होना चाहिए जैसा कि ऊपर पैरा (1) मे कहा गया है।

1(5) लाइसेंस 24 महीने की प्रारभिक वैधता अवधि के लिए जारी किए जाएगे। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा आवेदन पत्र पर आयात लाइसेंस की वैधता मे 12 मास की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान की जाए। आगे और वृद्धि करने के लिए/नया आयात लाइसेंस जारी करने के लिए अनुरोध यदि कोई हो आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेजा जाना चाहिए।

1(6) क्रेडिट के अधीन वित्तदान किए जाने वाले आयात, आयात लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित संलग्न माल और सेवाओ की सूची तक प्रतिबधित है।

1(7) विदेशी मुद्रा के किसी भी परेषण के अनुमति आयात लाइसेंस के प्रति नही दी जाएगी। भारतीय अभिकर्त्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान भारतीय अभिकर्ता को भारतीय रुपये मे किया जाना चाहिए। लेकिन, ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होगे और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किए जाएगे।

1(8) पक्के आदेश अनुबध-1 मे उल्लिखित देशो मे स्थित विदेशी संभरको को जहाज पर नि शुल्क/लागत एव भाडा के आधार पर दिए जाने चाहिए और वे आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनो की अवधि के भीतर आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेज दिए जाने चाहिए। भाडा बीमा प्रभार का भुगतान भारतीय रुपये मे भारत मे देय होगा। "पक्के आदेशो" का अर्थ विदेशी संभरकों को भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा दिए गए उन क्रय आदेशों से है जो विदेशी सभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हो या भारतीय आयातक और विदेशी सभरक दोनो द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित क्रय सविदा हो। विदेशी सभरक के भारतीय अभिकर्ताओ के आदेश या ऐसे भारतीय अभिकर्ताओ द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकार्य नही है।

1(9) चार महीनो की अवधि के भीतर ठेको की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नही समझा जाएगा जब तक कि ठेके के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीनो के भीतर वित्त मत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, (जापान अनुभाग) को नही पहुच जाते हैं। यदि उपर्युक्त पैरा 1(8) मे यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनो के भ तर वैध कारणो से नही दिए जा सकते है तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यो नहीं दिए जा सकते इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस को सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए। आदेश देने की अवधि मे वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियो द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा। वह अधिक से अधिक चार महीनो की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सको हैं। लेकिन, यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनो से अधिक के लिए मागी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारिया द्वारा वित्त मत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) कार्य ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएगें जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियो को भेजेंगे जिसको व लाइसेंसधारी को प्रेषित करेगे। लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियो से केवल ऐसी वृद्धि प्रदान करने वाला एक पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राधिकृत व्यापारी और

विभागीय पदाधिकारी आयात लाइसेंस के अधीन किए गए संभरण ठेकों में बैंक गारंटी साख पत्र स्थापित करने के लिए प्राधिकारी पत्र तुल्य रुपया जमा करने आदि की स्वीकृति की सुविधाओं की अनुमति देंगे।

1(10) आयात लाइसेंस की समाप्ति से चार महीने के भीतर सभी भुगतान अवश्य पूर्ण कर देने चाहिएं। माल के पोतलदान पर अलग-अलग भुगतानों की व्यवस्था होनी चाहिए। ठेके में नकद आधार पर अर्थात् पोतलदान दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए। विदेशी संभरक से भारतीय आयातक को किसी भी किस्म की ऋण सुविधा उपलब्ध करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। माल के वितरण की अवधि के लिए ठेके में निम्नलिखित अनुसार व्यवस्था होनी चाहिए :

साख पत्र की प्राप्ति के बाद .... महीने
परन्तु अधिक से अधिक ....
के अन्दर तक पूर्ण किया जाना है।

पोतलदान के लिये आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि यह तिथि 31-12-88 के बाद की न हो।

खंड 2 संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें

2(1) ठेके का जहाज पर्यन्त निःशुल्क/लागत एवं भाड़ा मूल्य पोत से (पोत की किस्म के लिए) अभिव्यक्त होना चाहिये और इसमें भारतीय अभिकर्ता का कमीशन, यदि कोई हो तो वह शामिल नहीं होना चाहिये जो कि भारतीय रुपये में चुकाना चाहिये।

भारतीय रुपए या किसी अन्य मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। क्रय आदेश और संभरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होना चाहिए।

2(2) ओ. ई. सी. एफ. येन क्रेडिट के अधीन परामर्श सेवाओं को छोड़कर अनपारा "ख" थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए सभी माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति ओ. ई. सी. एफ. ऋण सं. आई डी पी. 20 के अधीन गाइड लाईनों के अनुसार की जाएगी।

(क) उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति पूर्व योग्यता के साथ अनौपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा के माध्यम से तथा तथार संविदा के आधार पर ऋण के भुगतान में से अदा करेगा।

(ख) अनौपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा से भिन्न यदि अधिप्राप्ति प्रक्रियों को अपनाने का विचार है तो उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड निधि पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा और अधिप्राप्ति विधि(यों) के अनुमोदन के लिए एक आवेदन-पत्र विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित करके निधि को भेजें।

(ग) पूर्व योग्यता के विज्ञापन और/या अधिसूचना से पहले उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पूर्व योग्यता दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए निधि को भेजेगा। जब निविदा करने वाली फर्मों का चयन हो जाए, तो उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड उन फर्मों की सूची अनुमोदन के लिए निधि को भेजेगा और सभी संबद्ध दस्तावेजों के साथ किए गए चयन के कारणों को बताते हुए चयन प्रक्रियों पर रिपोर्ट देगा।

(घ) माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति के लिए आमंत्रित की गई बोलियों से पहले, उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड बोली दाताओं को सभी नोटिस और अनुदेश वाली प्रपत्र, प्रस्तावित संविदा, विशिष्टियों और ड्राईंग और बोली से संबंधित सभी दस्तावेजें अनुमोदन के लिए निधि को प्रस्तुत करेगा।

(ङ) सफल बोलीदाता को अधिनिर्णय का नोटिस जारी करने से पहले, उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड बोलियों का विश्लेषण और संविदा के अधिनिर्णय के लिए प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए निधि को प्रस्तुत करेगा।

(च) ओ ई सी एफ का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा ऊपर उल्लिखित दस्तावेज दो प्रतियों में आर्थिक कार्य विभाग को भेजे जाएंगे।

(छ) अधिप्राप्ति गाइड लाईन्स के अनुच्छेद-5 का पूरा पैराग्राफ अमान्य होगे।

(ज) बोली दस्तावेज यह बताएंगे कि पात्र स्रोत देश कौन से हैं।

(झ) बोलियों का मूल्यांकन करने और/या संविदाओं का समापन करने में किसी भी दाता पर और/अथवा ठेकेदार को वरीयता नहीं दी जाएगी।

(ञ) यह नोट कर लेना चाहिए कि ऊपर उल्लिखित दस्तावेजों का ओ ई सी एफ अनुमोदन प्राप्त कर लेने के बाद ही वाणिज्य मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) द्वारा ओईसीएफ को क्रय संविदाएं अधिसूचित की जाएंगी।

2(3) विदेशी संभरक का भुगतान, उनके नाम में भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा 1982-83 के लिए ओ.ई.सी.एफ. येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आई डी पी-20 के अधीन खोले गए अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किया जाना चाहिए, जिसका ब्यौरा नीचे खंड-7 में दिया गया है।

2(4) आयात लाइसेंस के प्रति केवल एक ही संविदा की जानी चाहिए। लेकिन, कुछ विशेष मामलों में, एक से अधिक संविदा करने की अनुमति भी दी जा सकती है। जिसके लिए आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि के तुरन्त बाद वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) से अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए।

2(5) संभरक की पात्रता

संभरक पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक होंगे या पात्र स्रोत देशों में शामिल किए गए तथा पंजीकृत किए गए पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा शासित वैध व्यक्ति होंगे।

2(6) अपात्र स्रोत देशों से अनुमेय आयात

जिन वस्तुओं में पात्र स्रोत देशों में बनी हुई सामग्री निहित है उसका वित्तदान किया जा सकता है बशर्ते कि निम्नलिखित सूत्र के अनुसार ऐसे उत्पाद का प्रति एकक का मूल्य मदवार आधार पर आयातित भाग 30 प्रतिशत से कम हो —

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य + आयात शुल्क} \times 100}{\text{संभरक का जहाज पर निःशुल्क मूल्य}}$$

(भारतीय संभरक के मामले में, कारखाने मूल्य को स्वीकृति दी जाएगी)।

2(7) संविदा में घोषणा

प्रत्येक संविदा में संभरक द्वारा माल एवं संभरक की पात्रता और संभरक के हस्ताक्षर और तारीख से निम्नलिखित घोषणा जोड़ी जाएगी —

"मैं, अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि संभरित किया जाने वाला माल.....(संबंधित पात्र स्रोत देश का नाम) में उत्पादित है।"

मैं, अधोहस्ताक्षरी आगे यह प्रमाणित करता हूं कि मेरी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार अपात्र स्रोत देशों से आयातित भाग निम्नलिखित सूत्र के अनुसार 30 प्रतिशत से कम है —

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य + आयात शुल्क} \times 100}{\text{संभरक का जहाज पर निःशुल्क मूल्य}}$$

(जहां पर कारखाना मूल्य लागू हो)

"मैं अधोहस्ताक्षरी, एतद्द्वारा सत्यापित करता हूं कि.....(पात्र स्रोत देश का नाम) में.....(कंपनी का नाम) समाविष्ट और पंजीकृत हो चुकी है और पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा नियंत्रित है"।

खंड-3 संभरण ठेकों में समाविष्ट की जाने वाली शर्तें

3(1) संभरण ठेकों में निम्नलिखित प्रावधान विशेष रूप से समाविष्ट होने चाहिएं —

(क) ठेके की व्यवस्था भारत सरकार और जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की अनुपारा "ख" थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिये येन क्रेडिट सं. ओ ई डी पी-20 (परियोजना सहायता) से संबंधित 26 दिसंबर, 1984 को हुए ऋण समझौते के अनुसार होनी चाहिए और यह भारत सरकार और विदेशी आर्थिक सहयोग निधि के अनुमोदन के अधीन होगा।

(ख) संभरकों को भुगतान, भारत सरकार और जापानी विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच येन क्रेडिट सं. आई डी पी-20 से संबंधित 26 दिसंबर, 1984 को हुए ऋण समझौते के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो द्वारा जारी किए जाने वाले अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किए जाएंगे।

(ग) विदेशी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर ओ ई सी एफ द्वारा येन ऋण के अधीन अपेक्षित हों।

(घ) 2(7) में उल्लिखित प्रपत्र में प्रमाणपत्र (तीन प्रतियों में)

3(2) यदि किसी मामले में संभरक जापान में स्थित हो तो संभरण संविदा के संबंध में एक धारा होनी चाहिए कि जापानी संभरक भारतीय दूतावास, टोकियो के परामर्श पर पोत परिवहन व्यवस्था करने के लिए सहमत है और इस उद्देश्य के लिए वह भारतीय दूतावास, टोकियो को शामिल माल की सुपुर्दगी के कार्यक्रम से अवगत करायेगा और पोत लदान से कम से कम 6 सप्ताह पूर्व भारतीय दूतावास को सूचना देगा जिससे कि उचित व्यवस्था हो सके। विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक इच्छुक हों, सूचना की इस अवधि को कम किया जा सकता है। जापानी संभरक को प्रत्येक पोतलदान के पश्चात् आवश्यक ब्यौरे देते हुए तार से सूचना भेजने के लिए सहमत होना चाहिए और उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जानी चाहिए।

खंड-4 विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा ठेके को अनुमोदन

4(1) लाइसेंसधारी को पक्के आदेश देने के लिए निर्धारित अवधि के भीतर उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड और विदेशी संभरकों दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित ठेके की चार प्रतियां जो विदेशी संभरकों द्वारा लिखित में पुष्टि आदेश के साथ हों या उनकी हर प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियां संगत वैध आयात लाइसेंस की दो फोटो प्रतियों सहित जापान अनुभाग, कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, सार्थक्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिएं।

4(2) उपर्युक्त क्रिया विधि सभी ठेकों के लिए और ठेकों की विषयवस्तु के लिए अनिवार्य संशोधनों के कारण संशोधनों या उनकी कीमतों पर भी लागू होगी।

4(3) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) जापान अनुभाग, उत्तर-प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की अनपारा "ख" थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए येन क्रेडिट सं. आई डी पी-20 (परियोजना सहायता) के अंतर्गत वित्तदान सहकारिता करने के लिए विदेशी आर्थिक निधि (ओ ई सी एफ) को संविदा दस्तावेजों की एक प्रति उनके अनुमोदन के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा।

खंड-5 विदेशी संभरकों को भुगतान-साख पत्र क्रियाविधि

5(1) विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) से ठेके के अनुमोदन की सूचना मिलने पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा यू पी एस ई बी और सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, को उसकी सूचना दे दी जाएगी। उसके बाद यू पी एस ई बी को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक (जिसे इसके बाद सी. ए. ए. एंड ए. कहा गया है) आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली को अनुबंध-2 के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए अनुरोध करना चाहिए। सी. ए. ए. एंड ए. संबंधित विदेशी संभरक के लिए संलग्न प्रपत्र-3 में एक प्राधिकार पत्र जारी करेगा जो संबंद्ध विदेशी संभरक के नाम में (वास्तविक आयातों के लिए) संलग्न अनुबंध-4 के रूप में या (सेवाओं के लिए) अनुबंध-5 के रूप में अपरिवर्तनीय साख-पत्र खोलने के लिए भारतीय बैंक की टोकियो शाखा को भेजा जाना चाहिए। प्राधिकार पत्र की प्रतियां (विदेशी आर्थिक सहयोग निधि) (ओ ईसी एफ), भारतीय दूतावास, टोकियो, यू पी एस ई बी, भारत में आयातक के बैंक और जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को भी पृष्ठांकित की जाएंगी।

5(2) प्राधिकार-पत्र मिलने पर, भारतीय बैंक, टोकियो अनुबंध-4 (वास्तविक आयातों के लिए लागू होता है) या 5 (सेवाओं के लिए लागू होता है) के अनुसार संबंधित विदेशी संभरकों के नाम में अपरिवर्तनीय साखपत्र की स्थापना करेगा और उसकी एक प्रति विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) भारतीय दूतावास, टोकियो भारत में आयातक के बैंक और सहायता लेखा एवं परीक्षा नियंत्रक को भी भेजेगा।

सी. ए. ए. एंड ए. से प्राधिकार पत्र के आधार पर साखपत्र खोलने के लिए उपर्युक्त क्रियाविधि संविदा संशोधन या अन्यथा के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे सभी प्राधिकार पत्र/साख पत्रों के संशोधनों पर स्वतः लागू होगी।

5(3) माल का पोतलदान करने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से साख पत्र में उल्लिखित दस्तावेज भुगतान के लिए बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो को प्रस्तुत करेगा। यदि दस्तावेज सही पाए गए तो बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो दस्तावेजों में उल्लिखित धनराशि को विदेशी संभरक को उसके बैंकरों के माध्यम से रिहा करेगा और उसके बाद आयातों की लागत की धनराशि की प्रतिपूर्ति विदेशी आर्थिक निधि से प्राप्त करेगा।

5(4) साख-पत्र के अंतर्गत लेन-देन करने के लिए साखपत्र खोलने के लिए बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो को देय बैंक खर्चे और विदेशी संभरकों के बैंकरों के यदि कोई खर्चे हों तो वे विदेशी संभरक/आयातक द्वारा वहन किए जाएंगे। बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो द्वारा विदेशी संभरकों को आयातकों की लागत के भुगतान की तिथि से ओ ई सी एफ द्वारा अदायगी की तिथि तक की अवधि पर बैंक ऑफ इंडिया को चुकाने योग्य ब्याज प्रभार, भारत में संबद्ध आयातक के बैंक द्वारा बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो को भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना सामान्य बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से धन भेजकर निर्णीत किए जाएंगे।

5(5) अदायगी क्रियाविधि

भारतीय संभरकों से माल और सेवाओं की खरीद के लिये ऋण की रकमों की अदायगी क्रियाविधि के अनुसार निम्नलिखित अनुपूरक शर्तों के साथ की जायेगी :—

एक जापनी येन के लिये भारतीय रुपये की विनिमय दर बोली खोलने की प्रचलित दर होगी जैसा कि मार्ग दर्शन के खण्ड 4.07 में निर्दिष्ट किया गया है । अदायगी के लिये आवेदन के साथ-साथ ऋणी मान्यता प्राप्त बैंक से यह प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण-पत्र भी भेजेगा कि बोली खोलने के दिन येन रुपये की विनिमय दर क्या थी।

खण्ड 6 परामर्श-दाताओं का नियोजन

परामर्शदाताओं का नियोजन निम्नलिखित अनुपूरक शर्तों के साथ "ओ ई सी एफ के ऋणियों द्वारा परामर्शदाताओं के नियोजन के लिये मार्ग दर्शन" के अनुसार किया जायेगा जो ऋण समझौते के साथ संलग्न है :—

(1) परामर्शदाता फर्म निम्नलिखित सभी शर्तें पूर्ण करेगा :—

(क) पूर्वक्रीत शेयरों में बहुसंख्य शेयर पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा धारित हों,

(ख) पूर्णकालीन संचालकों में से बहुसंख्य संचालक पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक हों,

(ग) ऐसी फर्म पात्र स्रोत देशों में निगमित और पंजीकृत हों।

(2) आयातक ऋण समझौते के निर्णीत होने के तुरन्त बाद निधि द्वारा पुनरीक्षा के लिये निम्नलिखित प्रलेखों की प्रतियां प्रस्तुत करेगा :—

(1) विचारार्थ विषय ;

(2) परामर्शदाताओं की संक्षिप्त सूची ;

(3) आमन्त्रण पत्र ;

(4) संक्षिप्त मूल्यांकन शीट सहित मूल्यांकन रिपोर्ट ।

(3) परामर्शदाता द्वारा हस्ताक्षरित और दिनांकित उसकी पात्रता के संबंध में निम्नलिखित घोषणा पत्र प्रत्येक ठेके के साथ संलग्न किया जायेगा :—

"मैं अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि————————(फर्म का नाम)——————— ————(सम्बद्ध पात्र स्रोत देश का नाम) में निगमित और पंजीकृत है और यह पात्र परामर्शदात्री फर्म है । इसके———————— प्रतिशत (————%——) पूर्वोक्त शेयर ——————(सम्बद्ध पात्र स्रोत देशों का नाम) के राष्ट्रिकों द्वारा धारित हैं और पूर्ण कालीन संचालकों में से————————— प्रतिशत (———%——) संचालक-————————(सम्बद्ध पात्र स्रोत देशों का नाम) के राष्ट्रिक हैं ।"

(4) जापान के अलावा जब पात्र स्रोत देश के एक परामर्शकर्त्ता को ठेका दिया जाता है, तो ठेका मूल्य जापानी येन अथवा अमरीकी डालर में बताया जायेगा और भुगतान किया जायेगा । जब एक जापानी परामर्शकर्त्ता को ठेका दिया जाता है तो ठेका मूल्य जापान येन में बताया जायेगा और भुगतान भी जापान येन में किया जायेगा ।

ठेका भारत सरकार/ओ ई सी एफ के अनुमोदन की शर्त के अधीन होगा ।

(5) आयातक द्वारा निधि को पुनरीक्षा/अनुमोदन के लिये उपर्युक्त दस्तावेज आर्थिक कार्य विभाग के माध्यम से निम्नलिखित बातें निर्दिष्ट करते हुए प्रस्तुत किये जायेंगे :—

(क) पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा धारित पूर्वोक्त शेयरों की प्रतिशतता ।

(ख) उन पूर्णकालीन संचालकों की प्रतिशतता जो पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक हैं ।

खण्ड-7 रुपया निक्षेप करने के लिये उत्तरदायित्व

7(1) बैंक आफ इंडिया, टोकियो संगत प्राधिकार पत्र के परिशिष्ट में संकेतित अनुसार आयातक के प्राधिकृत बैंकर को परक्राम्य जहाजरानी दस्तावेज भेजेगा और बैंकर इसके बदले में यह सुनिश्चय करेगा कि जहाजरानी दस्तावेज रिहा होने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी, दिल्ली में रुपया निक्षेप कर दिया गया है । येन भुगतान के समतुल्य रुपयों पर ब्याज की दर प्रथम 30 दिनों के लिये 12 प्रतिशत वार्षिक और उससे अधिक अवधि के लिये 18 प्रतिशत वार्षिक होगी जो बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा विदेशी संभरक को भुगतान की तिथि से वास्तविक रुपया जमा कराने की तिथि तक गिनी जायेगी और सार्वजनिक सूचना सं० 31-आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-83 के अनुसार मूल भुगतान के साथ जमा की जायेगी । यह नोट कर लिया जाना चाहिये कि दोनों दिनों अर्थात् जिस दिन विदेशी संभरक को भुगतान किया गया है और जिस दिन सरकारी लेखा में रुपया जमा किया गया है, का ब्याज लिया जायेगा । देखिए सार्वजनिक सूचना सं० 103-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 12-10-74 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 31-5-1974।

विदेशी संभरक को किये गये येन भुगतान के समतुल्य रुपये की गणना करने के लिये अपनाया जाने वाला विनिमय की दर भुगतान की तारीख को लागू विनिमय की यह मिश्रित दर होगी जो सार्वजनिक सूचना सं० 109-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 3-8-74 और सं० 8-आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 17-1-76 में निर्धारित तरीके के अनुसार निश्चित की गई हो जो मुख्य-नियंत्रक, आयात निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित की गई हो । इस सम्बन्ध में और ब्याज की दर के सम्बन्ध में भी जब भी कोई परिवर्तन आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जायेगा यह सुनिश्चित करने के लिये भारतीय बैंक की जिम्मेवारी होगी कि देय धनराशि आयातकों को आयात दस्तावेज सौंपने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है । आयातक को भी यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि देय धनराशि अपने ऋणदाताओं से दस्तावजों की सुपुर्दगी लेने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है । यह सुनिश्चित करने के लिये आयातक की जिम्मेवारी होगी कि देय धनराशि सरकारी खाते में ठीक प्रकार से तुरन्त जमा कर दी है भले ही जब वे विशेष परिस्थितियों के अन्तर्गत सीमा शुल्क प्राधिकारियों से माल की सुपुर्दगी प्राप्त करते हैं । यदि आयातक सरकार को देय धनराशि का माल की सुपुर्दगी लेने से पहले जमा नहीं कर पाता तो आगे के लिये उसे प्राधिकार पत्र देना बन्द कर दिया जाये और मामले की रिपोर्ट मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को दी जाये ताकि ऐसे आयातक को आगे और आयात लाइसेंस जारी न किए जाएं । जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जायेगा वह "के डिपोजिट्स एण्ड एडवान्सिज-843 सिविल डिपोजिट्स-डिपोजिट्स फार परचेजिज एटसट्रा एब्रोड अंडर क्रेडिट्स लान एग्रीमेंट" लोन फ्रोम दि गवर्नमेंट आफ जापान 24.1 बिलियन येन क्रेडिट सं० आई डी पी-20 फार अनपारा "ख" थर्मल पावर प्रोजेक्ट होना चाहिये ।

7(2) ऊपर उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया तीस हजारी, दल्ली में चालान के ऊपर दाहिनी ओर कोने में कोड सं० 5130000009 का संकेत देते हुए सरकार की शाखा में सार्वजनिक सूचना सं० 184-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 30-8-1968, सं० 233-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 24-10-68, सं० 132-आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5-10-71, सं० 74-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 31-5-74 और सं० 103-आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 12-10-76 में यथा निर्धारित तरीके में जमा होना चाहिये ।

7(3) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा ऐसी मांग किये जाने के बाद सात दिनों के भीतर सम्बद्ध भारतीय बैंक भी ऊपर निर्धारित तरीके से यह अतिरिक्त धनराशि सेवा खर्चों के निमित भेजेगा जो वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) द्वारा मांगी जाये। चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकों को इस बात का सुनिश्चय कर लेना चाहिये कि सार्वजनिक सूचना सं० 132-आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5-10-1971 के पैरा-3 में निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन परेषण और प्राधिकारी (यदि कोई हो) के पूर्ण ब्यौरे" में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट किये गये हैं। खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिये :—

(क) वित्त मंत्रालय के प्राधिकार पत्र संख्या और दिनांक;

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके संबंध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किये जाते हैं।

(ग) विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि उसके पश्चात् सी ए ए एण्ड ए द्वारा जारी किये गये प्राधिकार पत्र का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेजों को संलग्न करते हुए खजाना चालान द्वारा जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी०ए०ए० एण्ड ए० को भेजा जाना चाहिये।

टिप्पणी —भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चय करना चाहिये कि रुपये का निक्षेप भारतीय बैंक, टोकियो की अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोतलदान दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिये और यह कि इसके तत्काल बाद सी०ए०ए० एण्ड ए० वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) नई दिल्ली को सूचित कर दिया जायेगा ।

7(4) भारत में सम्बद्ध भारतीय बैंक को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिये और अपेक्षित "एक" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक, बंबई को भेजना चाहिये।

ख-8 विविध व्यवस्थाएं

8(1) आयात लाइसेंस के उपयोग करने की रिपोर्ट

आयातक का पोतलदान और उसके अधीन किये गये भुगतान और शेष धनराशि के बारे में साख-पत्र खोलने के बाद एक मासिक रिपोर्ट सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली को भेजनी चाहिये।

8(2) संभरकों को विशेष शर्तों के बारे में अधिसूचित करना

लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस में दिये गये किसी उन विशेष उपबन्धों से संभरक को अवगत करा देना चाहिये जो माल के लाने में संभरक पर प्रभाव डालती है।

8(3) विवाद

यह समझ लेना चाहिये कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच कोई विवाद उठेगा तो उसके लिये भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी। भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा किये गये भुगतान में पहले संभरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें अनुबन्ध-2 में "भुगतान की शर्तें" के अन्तर्गत अच्छी तरह से स्पष्ट कर लेनी चाहिये। संविदा की शर्तों में विवाद के निपटान से सम्बद्ध व्यवस्थाएं शामिल होनी चाहिये।

8(4) भविष्य अनुदेश

आयात लाइसेंस या उसके संबंध में उठ खड़े होने वाले किसी मामले या सभी मामलों से संबंधित या जापानी प्राधिकारियों के साथ येन क्रेडिट समझौते (परियोजना सहायता) सं० आई डी पी-20 के अधीन सभी आधारों को विदेशी आर्थिक निगम निधि, जापान (ओ०ई०सी०एफ०) के साथ पूर्ण करने के लिये भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये निदेशों, अनुदेशों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा।

8(5) अतिक्रमण या उल्लंघन

उपर्युक्त खंडों में निर्धारित की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जायेगी।

8(6) अनुबंधों की सूची

1. अनुबंध—1 पात्र स्रोत देशों की सूची
2. अनुबंध—2 अधिकार पत्र जारी करने के लिये अनुरोध
3. अनुबंध—3 प्राधिकार पत्र का प्रपत्र
4. अनुबंध—4 साख-पत्र का प्रपत्र (वास्तविक आयातों के लिये लागू)
5. अनुबंध—5 साख-पत्र का प्रपत्र (सेवाओं के लिये लागू)

अनुबंध—1

पात्र स्रोत देशों की सूची

(क) विकासशील देश तथा उनके क्षेत्र

(क-1) विदेशी आर्थिक सहयोग के भिन्न विकासशील दे

1. अफ्रीका, उत्तरी सहारा

मिश्र मोरक्को तुनिसिया

2. अफ्रीका, दक्षिणी सहारा

अंगोला	बोत्सवाना	बुरुण्डी
केमेरन	कैप वर्डी द्वीप समूह	केन्द्रीय अफ्रीका गणतंत्र
चाड	कमारो द्वीप समूह	कांगो, दाहोमे का गणतंत्र
मध्य गिनि (1)	इथोपिया	जाम्बिया
घाना	गिनी	आइवेरी कोस्ट
कीनिया	लेसोथो	लाइबीरिया
मालागासी गणतंत्र	मालावी	माली
मारितेनिया, मारीशस	मुजम्बिक	नाइजर
पुर्तगाली गिनी	रियूनियम	रोडेशिया
रवान्डा	सेंट हेलिना और डेप (2)	साओ टोम ओ
सेनेगल	सेचिलिज	सियरा लिओन
सोमालिया	सूडान	स्वाजीलैण्ड
टरी आफर्स और इस्सास	टोगो	युगान्डा
तंजानिया गणतंत्र संघ	अपर वोल्टा	जाइरे गणतंत्र
जाम्बिया		

3. अमेरिका, उत्तरी और केन्द्रीय

बेहमस	बारबोडोज	बेलाइज
बरमूडा	कोस्टारिका	क्यूबा
डोमिनिकन गणतंत्र	एल सालवाडोर	गुवाडेलोप
ग्वाटेमाला	हेती	होन्डूरस
जमैका	मार्टिनिक	मैक्सिको
नीदर लैण्ड अन्टिलीज	निकारगुवा	पनामा
सैन्ट पियरो और निकेलान	ट्रिनीडाड और टोबागो	वैस्ट इण्डीज (एन आई ई)

(क) सह-संबद्ध राज्य (1)

(ख) आश्रित (2)

(1) पहले स्पेनी गिनी का प्रदेश, फरोण्डा पो द्वीप सहित

(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित :—

असेन्शन, ट्रिस्तन्डा डा कन एसोसियएप, नाइटिंगेल, गफ ।

(3) मुख्य द्वीप समूह, अरुबा, बोनाइरे, क्यूराकोओ, साहा, सैन्ट यूस्टाशिट सैन्ट मारटिन (दक्षिण भाग)

4. दक्षिणी अमेरिका

अर्जेन्टीना	बोलिविया	ब्राजील
चिली	कोलम्बिया	फाल्क लैण्ड द्वीप समूह
फ्रांसिसी गुयाना	गुयाना	पराग्वे
पीरू	सूरिनाम	उरुग्वे

5. मध्य-पूर्वी एशिया

बहरीन	इजराइल	जोर्डन
लेबनान	ओमन	सिरिआई अरब गणतंत्र
यूनाइटिड अरब अमिरात, (3)	यमन अरब गणतंत्र	यमन जनवादी डी०आर० (4)

6. दक्षिण एशिया

अफगानिस्तान	बंगला देश	भूटान
बर्मा	भारत	माल द्वीप
नेपाल	पाकिस्तान	श्री लंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया

ब्रुनी	हांगकांग	खमेर गणतंत्र
कोरिया गणतंत्र	लाओस	मकाओ
मैलेयेशिया	फिलिपाइन	सिंगापुर
ताइवान	थाइलैण्ड	तिमोर
वियतनाम गणतंत्र	वियतनाम जनवादी गणतंत्र	

8. ओसिनिया

कोक द्वीप समूह	फिजी	गिल्बर्ट और इलाइस द्वीप
फांसिसी पौलिनेशिय (5)	नारू	न्यूकेलेन्डोनिया
न्यू हेब्रिसिस (बि, ओएफ),	नियू	पौलिपिक द्वीप समूह (संयुक्त राज्य) (6)
पापुवा न्यू गिनी	सोलोमन द्वीप समूह (ब्रा०)	टोंगा
वालिस और फुतुना	पश्चिमी सामोआ	

9. यूरोप

साइप्रस	जिब्राल्टर	ग्रीक
माल्टा	स्पेन	तुर्की
युगोस्लाविया		

(1) मुख्य द्वीप एन्टिगुवा, डोमिनिका, ग्रेनेडा, सैन्ट किट्स क्रिस्टोफो नेविस-अंगुइला, सैन्ट लुसिया, और सैन्ट क्रिसेन्ट,

(2) मेन आइलैण्ड, मोन्तेसरत, सेमान, तुर्की और काइकोस और ब्रिटिश वरजिन द्वीप समूह ।

(3) अजमन, दुबई, फुजाइरत, रास अल सेमाह, शारजाह और उन अल क्वेवेन ।

(4) अदन और विभिन्न सल्तनत और अमीरात सहित ।

(5) सोसाइटी आई लैण्ड समूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह, टुआमोट, जाम्बियर ग्रुप और मार्केसस द्वीप समूह ।

(6) पेसिफिक द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश, कारोलीन द्वीप समूह, मार्शल द्वीप समूह और मेरियाना द्वीप समूह (गाम को छोड़कर)।

(ख) 2—ओ०पी०ई०सी० के सदस्य या सहयोगी देश

अल्जीरिया	बोलिविया	गीनियाई अरब गणतंत्र
गेबोन	नाइजीरिया	इक्वेडोर
वेनेजुएला	ईरान	ईराक
कुवैत	कतर	सऊदी अरब
आबू-धाबी	इन्डोनेशिया	

अनुबंध — 2

प्राधिकार पत्र जारी करने के लिये प्रार्थनापत्र

संख्या ———————— दिनांक ——

सेवा में,

सहायक लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
यू. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग, प्रथम मंजिल,
पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली— 110001

विषय:— येन क्रेडिट सं. आई. डी. पी. 20 (1982-83 के लिये परियोजना सहायता) के अंतर्गत जापान से ———————— का आयात

महोदय,

ऊपर उल्लिखित येन क्रेडिट सं. आई. डी. पी. 20 (परियोजना सहायता) के अधीन ———————— से ———— के आयात के संबंध में ————————(बैंक का नाम) ———— जो कि वही होना चाहिये जो नीचे (ढ) में सम्बद्ध समुद्रपार संभरक के नाम से साख पत्र खोलने के लिये दिया गया है, का प्राधिकारी पत्र जारी करने के लिये हम आपको निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत करते हैं:—

(क) भारतीय आयातक का नाम और पता

(ख) आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक और मूल्य और वह तारीख जिस तक वैध है।

(ग) प्राप्ति के तरीके ———— क्या वह सीधे क्रय या औपचारिक खुली अंतर्राष्ट्रीय निविदा पर आधारित है। इसके सामने में यदि कोई कारण हो तो कारण सहित यह संकेतित होना चाहिये कि क्या संविदा का निर्णय उपर्युक्त न्यूनतम तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर किया गया है।

(घ) माल का संक्षिप्त विवरण

(ङ) माल का उद्गम देश

(च) यदि कोई हो तो पात्र स्रोत देशों से इतर स्रोत देशों से आयातित संघटकों का प्रतिशत।

(छ) संविदा का कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क/लागत एवं भाड़ा मूल्य (येन में)

(ज) यदि कोई हो तो भारतीय एजेन्ट को कमीशन की धनराशि (येन में)

(झ) वास्तविक जहाज पर निःशुल्क/लागत एवं भाड़ा मूल्य (येन में) जिसके लिए प्राधिकार पत्र मांगा गया है।

(ञ) समुद्रपार के संभरकों के साथ की गई संविदा की संख्या एवं दिनांक

(1) राष्ट्रिकता

(2) पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा प्राप्त शेयरों की प्रतिशतता।

(3) प्रतिनिधि की राष्ट्रीकता और/या संभरक का निवासस्थान

(4) उन निदेशकों का प्रतिशत जो पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक हैं।

(ठ) वे भुगतान शर्तें और संभावित तिथियां जिनको संविदा के अंतर्गत भुगतान देय होंगे।

(ड) सुपुर्दगी को पूर्ण करने की प्रत्याशित तिथि

(ढ) बैंक आफ इंडिया, टोकियो को भुगतान करते समय प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज (प्रत्येक सेट की संख्या और उनका निपटान दिखाये हुए)

(ण) पोतलदान अनुदेश (यानान्तरण/पार्ट-शिपमेंट की अनुमति दी गई है या नहीं निर्दिष्ट कीजिये)

(त) भारत में आयातक के बैंक का नाम और पता।

(थ) क्या उसी लाइसेंस के अंतर्गत संविदा (संविदाएं) कर दी गई है और जापानी प्राधिकारियों को अधिसूचित कर दी गई है, यदि हो तो ऐसी प्रत्येक संविदा की संख्या, दिनांक और मूल्य और वित्त मंत्रालय का वह संदर्भ जिसके अंतर्गत ओ. ई. सी. एफ. को इसे अधिसूचित किया गया है।

(द) क्या साख-पत्र के संचालन और रख-रखाव के लिए बैंक आफ इंडिया टोकियो को देय बैंक खर्चे आयातकों/या संभरकों द्वारा वहन किये जाते हैं।

(ध) आयातक द्वारा वचनबद्धता —

"हम एतद्द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से और दर से विदेशी संभरक को किये गये भुगतान के समतुल्य रुपये को पूरा और सही

जमा करने का वचन देते हैं। प्रत्येक निक्षेप माल (आयातित सामग्री) की सुपुर्दगी सौंपने से पूर्व तत्काल ही धनराशियां जमा कराई जायेंगी। विदेशी राष्ट्रीयता वालों की सेवाओं के लिये भुगतानों के मामले में, दिये गये ज्यों ही विदेशी संभरकों के सम्बद्ध बीजक हमारे द्वारा अनुमोदित कर दिये जायें और संभरकों को भुगतान कर दिया जाये, त्योंही धनराशियां जमा करा दी जाएं।

अनुबंध – 3

(प्राधिकार प्रपत्र "क" पत्र)

संख्या एक

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

नई दिल्ली, दिनांक ———————

सेवा में,

बैंक आफ इंडिया,

टोकियो शाखा,

टोकियो (जापान)

विषय :— येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) ऋण करार सं. आई डी. पी. 20 के अधीन आयात साख–पत्र खोलने के लिये प्राधिकार पत्र जारी करना

प्रिय महोदय,

आपके बैंक के साथ ——— को किये गये समझौते की शर्तों के अनुसार आपको एतद्द्वारा यथा संलग्न ब्यौरे के अनुसार पूर्व सर्व श्री ——————— के नाम में ———————येन धनराशि के लिये अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिये प्राधिकृत किया जाता है।

आपके बैंक द्वारा खोले गये प्रत्येक साखपत्र की प्रति आयातक के बैंक, ओ. ई. सी. एफ. भारतीय दूतावास टोकियो और हमे पृष्ठांकित की जाएं।

साखपत्र की शर्तों के अनुसार प्रारम्भ में संभरकों को भुगतान आपकी निधि से किया जायेगा। भुगतान के साथ ओ. ई. सी. एफ. को आवश्यक दस्तावेज भेज कर किये गये भुगतान की प्रतिपूर्ति का दावा तत्काल करना चाहिये।

संभरक को आपके द्वारा किये गये भुगतान की तिथि से और ओ. ई. सी. एफ. द्वारा उसकी प्रतिपूर्ति की तिथि में दावों के बीच के समय के लिये सम्बद्ध आयातकों के बैंक के साथ सामान्य बैंकिंग चैनल के माध्यम से भारतीय लेखा के भुगतान को अप्रभावित किये बिना ही तय करना चाहिये। बैंकों के अन्य खर्चे जिसमें साखपत्र खोलने, रख-रखाव करने और साखपत्रों को जारी रखने के लिये खर्चे भी शामिल है क्योंकि वे भी परक्राम्य दस्तावेजों के संचालन से संबंधित हैं और यदि कोई हो तो, विदेशी संभरकों के बैंकरों के खर्चे भी विदेशी संभरक को ही देने पड़ेंगे और इसलिये आयातक द्वारा उनका भुगतान नहीं किया जायेगा और इस लिए उन्हें सीधे ही संभरकों/ आयातकों से प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार ऐसे भुगतान की प्रतिपूर्ति का दावा ओ. ई. सी. एफ. में नहीं किया जा सकता।

जैसे ही आपके द्वारा कोई भुगतान किया जाता है और उसकी प्रतिपूर्ति आपको कर दी जाती है तो इसकी सूचना-निर्धारित प्रपत्र मे इस मंत्रालय को भेज दी जानी चाहिये।

यह प्राधिकार पत्र सम्प्रकार संभरकों के नाम में साख पत्र खोलने के लिये है इस मंत्रालय के विशिष्ट प्राधिकार के बिना इस प्राधिकरण के मद्दे खोले गये आगे के नए साख पत्र या साख–पत्र मे बाद के संशोधनों का अनुपालन नही किया जायेगा।

यह प्राधिकार पत्र ————तक वैध रहेगा।

भवदीय,

लेखा अधिकारी

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित :–

1. आयातक ——— को उनके पत्र सं. ——— दिनांक ——————— के संदर्भ में।

उनसे अनुरोध है कि वे बैंकरों से विनिमय दस्तावेजों की डिलीवरी लेने से पूर्व निर्धारित दर पर और तरीके से अपने बैंकरों के माध्यम से रुपया निक्षेप आदि जमा कराने का प्रबंध करें। अपवाद परिस्थितियों के रुप मे यदि माल की डिलीवरी सीधे ही सीमा शुल्क और पत्तन प्राधिकारियों से मूल पोतलदान दस्तावेज भेजे बिना ही प्राप्त कर ली जाती है तो डिलीवरी लेने मे पूर्व ही निक्षेप किये जाने चाहिये। विदेशी राष्ट्रीयता वालो द्वारा भुगतान के मामले में जैसे ही सम्बद्ध बीजक भुगतान दी गई सेवाओं के लिये द्वारा अनुमोदित हो जायें निक्षेप कर दिये जाएं/निक्षेप जल्दी ही और ठीक से न करने पर लाइसेंस की शर्तों में उल्लिखित आवश्यक कार्रवाई की जाये।

2. आयातक के बैंकर ———— । उनसे निवेदन किया जाता है कि बैंक आफ इंडिया , टोकियो ब्रांच से दस्तावेज प्राप्ति करने पर विदेशी संभरक को येन भुगतान के बराबर रुपये जमा करने की व्यवस्था करे। संभरकों को चुकाई गई धनराशि के बराबर रुपये की गणना सार्वजनिक सूचना सं. –8 आई टी सी (पी एन) /76, दिनांक 17–1–76 या अन्य ऐसी ही सार्वजनिक सूचना जो समय समय पर जारी की जाये, के अनुसार संभरकों को भुगतान करने की तिथि को यथा प्रचलित परिवर्तन की मिश्रित दर पर की जायेगी। यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि आयातक

को सीमा-शुल्क निकासी के लिये आयात दस्तावेजों का मूल सेट दिये जाने से पूर्व यह धनराशि जमा की जानी है।

ये धनराशियां या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक तीस हजारी में चालान के दाहिनी ओर कोड सं. 5130000009 दर्शाते हुए जमा करनी चाहियें। इस संबंध में उनका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं. 194- आई टी सी (पी एन) /68, दिनांक 30-8-68, 233- आई टी सी (पी एन)/68- दिनांक 24-10-1968, 132 आई टी सी (पी एन)/ 71 दिनांक 5-10-1971, सं. 74- आई टी सी (पी एन)/74- दिनांक 31-5-74 एवं सं. 103 आई टी सी (पी एन)/ 76 दिनांक 12-10-1976 में दिये गये प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है। वह लेखा शीर्ष जिसमें रुपया जमा करना है वह "के–डिपाजिटस एंड एडवांसिज – 843- सिविल डिपोजिटस- डिपाजिटस फार परचेजिज एट्सेटा अवार्ड अंडर परचेजज अंडर क्रेडिट/लोन एग्रीमेंटस"– लोन फ्राम द गवर्नमेंट आफ जापान 24.1 विलियन येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आई डी पी- 20 फार 1982-83 है।

जिन मामलों में तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी में सार्वजनिक सूचना संख्या 132 आई टी सी (पी एन)/ 71 दिनांक 5-10-1971 के अनुसार नकद जमा किया जाता है, उनके चालान की मूल रूप में एक प्रतिलिपि बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा से प्राप्त सूचना टिप्पणी का पूर्ण विवरण देते हुए अग्रेषण पत्र सहित उनके द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजी जाएगी :–

सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग)
पहली मंजिल, यू. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली – 110001

जिन मामले में तुल्य रुपया ऊपर संकेतिक सार्वजनिक सूचना सं. दिनांक 24-10-68 में यथा उल्लिखित दर्शनी हुण्डी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचनाएं उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहियें। सभी मामलों में जमा किये गये तुल्य रुपये को पूरा ब्यौरा इस विभाग को भेजना चाहियें।

बैंक आफ इंडिया, टोकियो को भुगतान किये गये ब्याज खर्च संभरक के भुगतान की तिथि और ओ. ई. सी. एफ. द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो की प्रतिपूर्ति की तिथि के बीच के समय के लिये भारत सरकार के लेखे पर प्रभाव डाले बिना सामान्य बैंकिंग चैनल के माध्यम से बैंक आफ इंडिया, टोकियो के साथ सीधे ही आपके द्वारा तय किये जाने चाहियें।

3. निदेशक, ऋण विभाग-2 समुद्रपार आर्थिक सहयोग निधि, टेकबशी करोडो बिल्डिंग 4-1, ओह्राटेमची- 1 कोमे, चियोडा- कू टोकियो 100 जापान।

4. भारतीय दूतावास टोकियो।

5. अवर सचिव, जापान अनुभाग वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग नई दिल्ली।

(लेखा अधिकारी)

अनुबंध – 4

(ओ. ई. सी. एफ. एल. सी-1)

अपरिवर्तनीय साख पत्र

(माल के लिये लागू)

दिनांक

सेवा में,

प्रिय महोदय———— —यह साखपत्र (ऋणी) और ————————————विदेशी आर्थिक सहयोग निधि	
(संभरक का नाम और पता)	के बीच हुए ऋण करार संख्या——— दिनांक ——— के अनुसरण में जारी किया गया है।

प्रिय महोदय,

हम सूचित करते है कि हमारे नाम में निकालने के लिये बीजक के पूरे मूल्य के लिये दर्शनी हुण्डी द्वारा उपलब्ध रकम या रकमों के लिये हमने अपरिवर्तनीय साख पत्र सं. ————— खोल दिया है जो ———— येन ————(येन कह सकते हैं) कि कुल धनराशि से अधिक नहीं हैं। इसे निम्नलिखित दस्तावेज के साथ भेजा जाना है :–

हस्ताक्षरित वाणिज्यिक बीजक

क्लीन आन बोर्ड, समुद्री पोत लदान बिल जिनमें दिये गए आदेशों का पूरा सेट हो बैंक पृष्ठांकित एवं चिन्हित "प्रेन्ट" एवं "नोटिफाई"

अन्य दस्तावेज जिसमें ——— से ——— तक लदान का सत्यापन दिया गया हो (संविदा सं. ————) (यदि कोई हो) के संदर्भ में संक्षिप्त विवरण आंशिक पोतलदान स्वीकृत है। वाहनान्तरण स्वीकृत है।

पोतलदान बिल जो ————से बाद की तिथि का नहीं होना चाहियें। आदेशती को ———- -19 तक आवश्यक प्रस्तुत किये जाने चाहिये।

इस क्रेडिट के अंतर्गत सभी ड्राफ्ट और दस्तावेजों पर यह अंकन होना चाहिये। "अपरिवर्तनीय साखपत्र सं. ———— दिनांक ————19 के अंतर्गत निकलवाया गया और आयात संदर्भ सं. (संख्याएं) यदि कोई हो, यह क्रेडिट हस्तान्तरणीय नहीं है"।

ये धनराशि या तो भारतीय, रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी में चालान के दाहिनी और कोड स. 5130000009 दर्शाते हुए जमा करनी चाहिये।

इस संबंध में उनका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं. 184-आई टी सी (पी एन)/ 68, दिनांक 30-8-68, 233-आई टी सी (पी एन)/ 68, दिनांक 24-10-1968, 132 आई टी सी (पी एन)/ 71, दिनांक 5-10-1971, सं. 74- आई टी सी (पी एन)/ 74 दिनांक 31-5-84 एवं सं. 103 आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 12-10-76 मे दिये गये प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है। वह लेखा शीर्ष जिसमें रुपया जमा कराना है वह "के--डिपाजिटस एंड एडवांसिज-- 843- सिविल डिपाजिटस- डिपाजिटस फार परचेजिज एटसेट्रा रेवार्ड अन्डर परचेजिस अण्डर क्रेडिट/लोन एग्रीमेंट- ग्रान्ट फाम द गवर्नमेंट आफ जापान 24.1 बिलियन येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आई डी पी-20 फार 1982-83 है।

जिन मामलों मे तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया तीस हजारी में सार्वजनिक सूचना सं. - 132 आई टी सी (पी एन) /71, दिनांक 5-10-71 के अनुसार नकद जमा किया जाता है, उनके चालान की मूल रूप में एक प्रतिलिपि बैंक आफ इंडिया टोकियो शाखा से प्राप्त सूचना टिप्पणी का पूर्ण विवरण देते हुए आवेषण पत्र सहित उनके द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजी जायेगी :-

सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग)
पहली मंजिल, य. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

जिन मामले में तुल्य रुपया ऊपर संकेतिक सार्वजनिक सूचना सं. दिनांक 24-10-68 में यथा उल्लिखित दर्शनी हुण्डी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचना उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहिए सभी मामलों में, जमा किये गये तुल्य रूपए का पूरा ब्यौरा इस विभाग को भेजना चाहिये।

यदि कोई हो तो, बैंक के खर्चे, ब्याज और बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा के अन्य खर्चे (जिसमें विदेशी संभरकों के बैंकरों के खर्चे भी शामिल है) प्रमुख लेखाधिकारी, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली को समतुल्य रुपये अदा करने पर ही तय किये जायेंगे । इस प्रयोजन के लिये विभाग द्वारा उचित सूचना बैंक आफ इंडिया टोकियो भारतीय दूतावास जापान से सम्बद्ध सूचना प्राप्त होने पर ही भेजी जायेगी।

3. निदेशक, ऋण विभाग-2 समुद्रपार आर्थिक सहयोग निधि, टेकवशी करोडो बिल्डिंग, 4-1 ओहाटमेची- 1-कोम, चियोडा- कू टोकियो 100 जापान।

4. भारतीय दूतावास, टोकियो।

5. अवर सचिव, जापान अनुभाग, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली।

(लेखा अधिकारी)

हम एतद्द्वारा वचन देते है कि इस क्रेडिट के अंतर्गत और इसकी शर्तों का अनुपालन करके निकलवाए गये सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर और आदेशतों का दस्तावेजों की सुपुर्दगी पर विधिवत् स्वीकार किये जायेंगे।

जब तक अन्यथा रुप से विस्तार पूर्वक न बताया जाये कि "क्रेडिट यूनिफार्म कस्टम एंड प्रेक्टिस फार डाकुमेंट्स क्रेडिटस (1974 रिवीजन) इंटरनेशनल चेम्बर आफ कामर्स, पब्लिकेशन सं. 290" के अधीन है।

सौदा करने वाले बैंक के लिये विशेष अनुदेश :-

उपर्युक्त ऋण करार के अंतर्गत जारी किये गये वचन पत्र की व्यवस्थाओं के अनुसार विदेशी आर्थिक सहयोग निधि द्वारा हमारे भुगतान के लिये प्रति पूति प्राप्त करने के बाद हम वचन देते है कि हम सौदा करने वाले बैंक द्वारा जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार हुण्डी की धनराशि को लौटा देगें।

2. सौदा करने वाले बैंक को यह बताते हुए हम ड्राफ्ट और दस्तावेजों का एक पूर्ण सेट और इसके साथ प्रमाण पत्र अवश्य भेजें कि शेष दस्तावेज सीधे ही हवाई डाक द्वारा --------- को भेज दिये गये है।

3. इस क्रेडिट के अंतर्गत सभी बैंक के खर्चे आयातक /संभरक के लेखे ले लिए है।

भवदीय,

. . . .

वाणिज्यिक बैंक

द्वारा----------------

प्राधिकृत हस्ताक्षर

भुगतान शर्ते

यह भुगतान हमारी साखपत्र सं.-------का अभिन्न अंग है।

1. प्रारम्भिक भुगतान

धनराशि ------येन जो कि कुल संविदा मूल्य के ---------प्रतिशत है।

अपेक्षित दस्तावेज

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि

2. मध्यवर्ती भुगतान (यदि कोई हो)

धनराशि ----------- येन जो कि कुल संविदा मूल्य का--------- प्रतिशत है।

अपेक्षित दस्तावेज

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि

3. पोतलदान दस्तावेजो के मद्दे भुगतान

धनराशि ---------------येन संविदा के कुल मूल्य का ---------- प्रतिशत है।

टिप्पणी :- पोतलदान दस्तावेजों के मद्दे पूर्ण भुगतान के मामले में इस संलग्न दस्तावेज की आवश्यकता नही है।

अनुबंध – 5

(प्रपत्र ओ ई सी एफ एल सी – 2)

अपरिवर्तनीय साखपत्र

(सेवाओं के लिये लागू)

दिनांक ——————

सेवा में,

——————यह साख पत्र ऋणी और विदेशी
——————आर्थिक सहयोग निधि के बीच हुए
——————ऋण करार सं. – ——दिनांक ——
(सभरक का नाम व पता के अनुसरण में जारी किया गया है।

प्रिय महोदय,

हम आपको सूचित करते हैं कि हमारे नाम में निकालने के लिये पूर्ण ब्यौरे मूल्य के लिये लाभकारी ड्राफ्टस एट साइट द्वारा उपलब्ध रकम या रकमों के लिये आपके नाम में हमने अपरिवर्तनीय साखपत्र सं. ——— खोल दिया है जो येन ————(येन ———— पहले) की धनराशि से अधिक नहीं है।

इसमें संलग्न भुगतान अनुसूची के अनुसार अपेक्षित (संविदा ——— और परियोजना ———) में संबंधित दस्तावेजों को नत्थी करना है सौदा तय करने के लिये ड्राफ्ट ———— में पहले प्रस्तुत किये जाने चाहिये।

सभी ड्राफ्ट और दस्तावेज अपरिवर्तनीय साख पत्र सं. ——————दिनांक ————के अंतर्गत भुना लिये गये हैं, से चिन्हित होने चाहिये।

यह क्रेडिट हस्तान्तरणीय नहीं है।

हम एतद्द्वारा वचन देते हैं कि इस क्रेडिट के अंतर्गत इसकी शर्तों का अनुपालन करके भुनाये गये सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर और आदेशितों को दस्तावेजों की सुपुर्दगी पर विधिवत स्वीकार किये जायेंगे।

जब तक अन्यथा रुप में विस्तार पूर्वक न बताया जाये, यह क्रेडिट "यूनिफार्म कस्टम एंड प्रेक्टिस फार डाकूमेंटरी क्रेडिट्स (1974 रिवीजन) इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ कामर्स प्रकाशन सं. 290" के अधीन है।

सौदा करने वाले बैंक को विशेष अनुदेशः—

1. इसमें संलग्न प्रपत्र के अनुसार (ऋणी और इसके मनोनीत अधिकारी) द्वारा जारी किए गए निष्पादन के मूल विवरण की प्राप्ति के पश्चात् इस क्रेडिट के अंतर्गत भुगतान इसमें संलग्न शीट में निर्धारित भुगतान अनुसूची के अनुसार किए जाने चाहिए। प्रारम्भिक भुगतान के मामले में उपर्युक्त निष्पादन के विवरण के बजाए लाभकारी विवरण की आवश्यकता है।

2. ऊपर उल्लिखित ऋण समझौते के अधीन जारी किए गए वचनबद्धता पत्र के उपबन्धों के अनुसार विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से अपने भुगतानों के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के बाद हम ड्राफ्टों की धनराशि का मोलतोल करने वाले बैंक द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार परेषित करने का वचन देते हैं।

3. उपर्युक्त मद 1 में यथा उल्लिखित दस्तावेज की एक प्रति और समौदे हमें उसकी प्राप्ति के तुरन्त बाद ही भेज जाएंगे।

4. इस साख के अन्तर्गत बैंक के सभी खर्च सभरकों का लेखे के लिए है।

भवदीय,

(वाणिज्यिक बैंक)
द्वारा ....
(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

भुगतान अनुसूची

यह भुगतान अनुसूची हमारे साख पत्र सं. ......का एक अभिन्न अंग है।

1. प्रारम्भिक भुगतान
धनराशि ....येन
कुल संविदा मूल्य का ....प्रतिशत है।
अपेक्षित दस्तावेज लाभकारी विवरण की अंतिम भुगतान तिथि

2. भुगतान वृद्धि

सम्पूर्ण योग की धनराशि ....येन
कुल संविदा मूल्य का ....प्रतिशत
निम्न प्रकार से भुगतान किया जाना है—

	देय धनराशि	अन्तिम भुगतान तिथि
	————	————
	येन ————	————
पहली किस्त	येन————	————
दूसरी किस्त	येन ————	————
	————	————

अपेक्षित दस्तावेज (ऋणी अथवा उसके मनोनीत प्राधिकारी) द्वारा जारी किए गए निष्पादन के विवरण की एक प्रति जिसका एक प्रपत्र संलग्न है।

निष्पादन का विवरण

दिनांक .....

संदर्भ .....

सेवा में,

———————

———————

———————

संभरक का नाम और पता

संदर्भः—ऋण करार सं. ————के अन्तर्गत ——————परियोजना से संबंधित ——————के नाम में———— येन के लिए ————द्वारा द्वारा जारी किए गए साख पत्र की सं. ————दिनांक ———— मैं अधोहस्ताक्षरी, प्रतिनिधि (ऋण) एतद्द्वारा ————और ——————के बीच समझौता सं. ————दिनांक ——————में निहित भुगतान की शर्तों के अनुसार समुद्रपार आर्थिक सहायता निधि द्वारा ———— की धनराशि(————————————येन केवल) प्राप्त करने के लिए एक निष्पादन विवरण जारी करता हूं।

(.....)

(ऋणी)

द्वारा .....

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

विशेष अनुदेश :—

वास्तविक निष्पादन का विवरण इसमें संलग्न पत्र में दर्शाया जाएगा।

MINISTRY OF COMMERCE

IMPORT TRADE CONTROL

PUBLIC NOTICE NO. 27 ITC(PN)|85—88

New Delhi, the 13th August, 1985

Subject : Licensing conditions in respect of imports of goods and services under the Yen Credit of Yen 24.1 Billion for the implementation of the ANPARA 'B' Thermal Power Station Construction Project of the Uttar Pradesh State Electricity Board (UPSEB), extended by the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan.

File No. IPC|23(18)|84-85.—The terms and conditions governing the issuance of import licences under the 24.1 Billion Yen Credit extended by the Overseas Economic Cooperation Fund of Japan (OECF) for financing the import requirements of the ANPARA 'B' Thermal Power Station Construction Project of the Uttar Pradesh State Electricity Board (UPSEB) as given in Appendix to this Public Notice are notified for information.

R. L. MISRA, Chief Controller of Imports & Exports

APPENDIX TO MINISTRY OF COMMERCE PUBLIC NOTICE NO. 27-ITC(PN)|85-88 DATED THE 13TH AUGUST, 1985

Licensing conditions in respect of Imports of goods and services under the yen credit of yen 24.1 billion for the implementation of the ANPARA 'B' Thermal Power Station construction project of the Uttar Pradesh state Electricity Board (UPSEB), extended by the overseas economic cooperation fund (OECF) of Japan.

Section I—Generation Conditions

1(2) क्रेडिट के अधीन केवल उन्हीं मदों और उसी मूल्य के लिए लाइसेंस जारी किए जा सकते हैं जिनके लिए महानिदेशक, तकनीकी विकास/पजीगत माल समिति द्वारा विशेष रूप से स्वीकृति दे दी गई हो । इस क्रेडिट के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेंस (सों) का मूल्य 22.0 बिलियन (लागत-बीमा-भाड़ा) येन से अधिक नही होना चाहिए ।

आयात लाइसेंस का रुपये में मूल्य, राजस्व विभाग (सीमा शुल्क) द्वारा अधिसूचित विनियम दर और आयात लाइसेंस जारी करने की तिथि को प्रचलित दर और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं. 78-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 6 जून, 74 के पैरा 2 के अनुसार आयात लाइसेंस में संकेतित दर पर निर्धारित किया जाएगा । जिसमे यह उल्लेख है कि सीमा शुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस (सों) मे विनिर्दिष्ट मुद्रा विनियम दर पर धनराशि को लाइसेंस मूल्य के नामे डालेंगे । लाइसेंस पर "जापानी येन क्रेडिट सं. आई डी पी 30" प्रत्यय होगा । प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस में "एस/जेसी" कोड होगा । भारतीय गैस प्राधिकरण लि. (जी ए आई एल) को आयात लाइसेंस भेजते समय मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के पत्र में भी इसे दुहराया जाएगा, जिसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को पृष्ठांकित की जानी चाहिए ।

1(3) आयात लाइसेंस केवल जी ए आई एल के नाम में लागत बीमा भाडा के आधार पर जारी किये जा सकते हैं ।

1(4) जी ए आई एल की सुविधा पर निर्भर करते हुए एक से अधिक आयात लाइसेंस इस क्रेडिट के अधीन जारी किए जा सकते हैं । लेकिन जैसा कि ऊपर (2) में निर्दिष्ट किया गया है कुल मूल्य 22.0 बिलियन (लागत-बीमा-भाड़ा) येन से अधिक नही होना चाहिए ।

1(5) लाइसेंस 24 महीने की प्रारम्भिक वैधता अवधि के साथ जारी किए जाएंगे । जी ए आई एल द्वारा आवेदन करने पर आयात लाइसेंस की वैधता मे 12 माह की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान की जा सकती है । आगे और वृद्धि करने के लिए/नया आयात लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन यदि कोई हो, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेजा जाना चाहिए ।

1(6) क्रेडिट के अधीन वित्त पोषित किए जाने वाले आयात, आयात लाइसेंसों मे संलग्न लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित माल और सेवाओं की सूची तक प्रतिबंधित है ।

1(7) विदेशी मुद्रा के किसी भी परेषण की अनुमति आयात लाइसेंस के प्रति नही दी जाएगी । भारतीय अभिकर्ता के कमीशन के प्रति कोई भी भुगतान भारतीय अभिकर्ता को भारतीय रुपये में किया जाना चाहिए । लेकिन ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होंगे और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किए जाएंगे ।

1(8) पक्के आदेश अनुबंध-1 में उल्लिखित देशों मे स्थित विदेशी संभरकों को जहाज पर निशुल्क लागत और

भाड़ा आधार पर दिए जाने चाहिएं और वे आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनों की अवधि के भीतर आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेज दिए जाने चाहिए । भाड़ा बीमा प्रभार का भुगतान भारतीय रुपए में भारत में देय होगा । "पक्के आदेशों" का अर्थ विदेशी संभरकों को भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा दिए गए उन क्रय आदेशों से है जो विदेशी संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हों या भारतीय आयातक और विदेशी संभरक दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित क्रय संविदा हो । विदेशी संभरकों के भारतीय अभिकर्त्ताओं के आदेश या ऐसे भारतीय अभिकर्त्ताओं द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकार्य नहीं है ।

1(9) चार महीनों की अवधि के भीतर ठेकों की इस शर्त का पालन तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि ठेके के पूर्व दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीनों के भीतर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को न पहुंच जाए । यदि उपर्युक्त पैरा 1 (8) में यथा उल्लिखित पक्के आदेश किन्हीं वैध कारणों से नहीं दिए जा सकते हैं तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यों नहीं दिए जा सके इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस की सम्बन्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिए । आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा । वे अधिक से अधिक चार महीनों की और अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक के लिए मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे । जिसको वे लाइसेंसधारी को सूचित करेंगे । लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियों से केवल ऐसी वृद्धि प्रदान करने वाला एक पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय पदाधिकारी, आयात लाइसेंस के अधीन लिए गए संभरण ठेकों में बैंक गारंटी साख पत्र स्थापित करने के लिए प्राधिकार पत्र, तुल्य रुपया जमा करने आदि की स्वीकृति की सुविधाओं की अनुमति देंगे ।

1(10) आयात लाइसेंस की समाप्ति से चार महीने के भीतर सभी भुगतान अवश्य पूर्ण कर देने चाहिए । माल के पोत लदान पर अलग-अलग भुगतानों की व्यवस्था होनी चाहिए । ठेके में नकद आधार पर अर्थात् पोतलदान दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए । विदेशी संभरक से भारतीय आयातक को किसी भी किस्म की ऋण सुविधा उपलब्ध करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । माल के वितरण की अवधि के लिए ठेके में निम्नलिखित अनुसार व्यवस्था होनी चाहिए :—

"साख-पत्र की प्राप्ति के बाद ..... महीने
परन्तु अधिक से अधिक .....
के अन्तर्गत पूर्ण किया जाना है।

पोतलदान के लिए आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह तिथि 31-12-88 के बाद की न हो।

खंड-2 संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें

2(1) ठेके का जहाज पर्यन्त निःशुल्क लागत और भाड़ा मूल्य येन में (येन की भिन्न के बिना) अभिव्यक्त होना चाहिए और इसमें भारतीय अभिकर्ता का कमीशन यदि कोई हो तो वह शामिल नहीं होना चाहिए जो कि भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए।

भारतीय रुपए या किसी अन्य मुद्रा में ठेके का मूल्य किसी भी परिस्थिति में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिए। क्रय आदेश और संभरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होना चाहिए।

2(2) गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए ओ ई सी एफ येन क्रेडिट के अधीन वित्त पोषित किए जाने वाले सभी माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति ऋण (आई डी-पी. 30) के अंतर्गत अधिप्राप्ति के मार्गदर्शन बिंदुओं के अनुसार की जाएगी।

(क) भारतीय गैस प्राधिकरण लि. ऋण की रकम में से वित्तपोषित किए जाने वाले माल और सेवाओं की अधिप्राप्ति खुली सामान्य अन्तर्राष्ट्रीय निविदा के माध्यम से करेगा। भारतीय गैस प्राधिकरण लि. यदि खुली सामान्य अन्तर्राष्ट्रीय निविदा से भिन्न कोई अन्य अधिप्राप्ति की क्रियाविधि अपनाना चाहता है तो इसके लिए उसे आर्थिक कार्य विभाग के माध्यम से ओ ई सी एफ को आवेदन पत्र प्रस्तुत करके उससे पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

(ख) सफल बोलीकार को निर्णय का नोटिस जारी करने से पहले भारत का गैस प्राधिकरण लि. बोलियों के विश्लेषण और ठेके के निर्णय के लिए प्रस्ताव को ओ ई सी एफ को उसके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा। उसी समय भारत का गैस प्राधिकरण लि. बोलीकारों के लिए सभी नोटिस, अनुदेश, बोली के प्रपत्र, प्रस्तावित ठेका विशिष्टिकरण, ड्राइंग और बोली से संबंधित अन्य सभी दस्तावेज ओ ई सी एफ को प्रस्तुत करेगा।

(ग) ओ ई सी एफ को भारत के गैस प्राधिकरण लि. द्वारा उपर्युक्त दस्तावेज (दो प्रतियों में) आर्थिक कार्य विभाग के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे।

(घ) बोली संबंधी दस्तावेजों में पात्र स्रोत देशों के नाम उल्लिखित होंगे।

(ङ) बोलियों के मूल्यांकन में किसी भी बोलीकार को कोई भी अधिमानता नहीं दी जाएगी।

2(3) विदेशी संभरकों को भुगतान, उनके नाम में भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा 1984-85 के लिए ओ ई सी एफ येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आई डी-पी-30 के अधीन खोले गए अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किया जाना चाहिए। जिसका ब्यौरा नीचे खंड-6 में दिया गया है।

2(4) संभरक की पात्रता

संभरक, पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक होंगे या पात्र स्रोत देशों में शामिल किए गए तथा पंजीकृत किए गए पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा शासित वैध व्यक्ति होंगे।

2(5) अपात्र स्रोत देशों से अनुमेय आयात

जिन वस्तुओं में अपात्र स्रोत देशों में बना हुई सामग्री निहित है उसका विस्थापन किया जा सकता है बशर्ते कि निम्नलिखित सूत्र के अनुसार ऐसे उत्पाद का प्रति एकक का मूल्य मदवार आधार पर आयातित भाग 30 प्रतिशत से कम हो :—

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य} + \text{आयातक शुल्क}}{\text{संभरक का जहाज पर निःशुल्क मूल्य}} \times 100$$

(भारतीय संभरक के मामले में कारखाना मूल्य अपनाया जाएगा)

2(6) संविदा में घोषणा

प्रत्येक संविदा में संभरक द्वारा माल एवं संभरक की पात्रता और संभरक के हस्ताक्षर और तारीख से निम्नलिखित घोषणा जोड़ी जाएगी:—

"मैं, अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि संभरित किया जाने वाला माल ..... (संबंधित पात्र स्रोत देश का नाम) में उत्पादित है।"

"मैं, अधोहस्ताक्षरी आगे यह प्रमाणित करता हूं कि मेरी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार अपात्र स्रोत देशों से आयातित भाग निम्नलिखित सूत्र के अनुसार 30% से कम है :—

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा-भाड़ा मूल्य} + \text{आयात शुल्क}}{\text{संभरक का जहाज पर निशुल्क मूल्य}} \times 100"$$

(कारखाना मूल्य जहां कहीं लागू हो)

"मैं, अधोहस्ताक्षरी, एतद्द्वारा सत्यापित करता हूं कि ... (पात्र स्रोत देश का नाम) में ..... (कंपनी का नाम) समाविष्ट और पंजीकृत हो चुकी है और पात्र स्रोत देशों के कोंडिट्रा द्वारा नियंत्रित है"।

खंड-3 संभरण ठेकों में समाविष्ट की जाने वाली शर्तें

3(1) संभरण ठेकों में निम्नलिखित प्रावधान विशेष रूप से समाविष्ट होने चाहिए :—

(क) ठेके की व्यवस्था भारत सरकार और जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. की गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए येन क्रेडिट सं. ओ ई डी-पी-30 (परियोजना सहायता) से संबंधित 26 दिसंबर, 1984 को हुए ऋण समझौते के अनुसार होनी चाहिए और यह भारत सरकार और विदेशी आर्थिक सहयोग निधि के अनुमोदन के अधीन होगा।

(ख) संभरकों को भुगतान, भारत सरकार और जापानी विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच येन क्रेडिट सं. आई डी पी-30 से संबंधित 26 दिसंबर, 84 को हुए ऋण समझौते के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो द्वारा जारी किए जाने वाले अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किए जाएंगे।

(ग) विदेशी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर ओ ई सी एफ द्वारा येन ऋण के अधीन अपेक्षित हों।

(घ) 2(6) में उल्लिखित प्रपत्र में प्रमाण पत्र (तीन प्रतियों में)

(ङ) यदि किसी मामले में संभरक जापान में स्थित हो तो संभरण संविदा के संबंध में एक धारा होनी चाहिए कि जापानी संभरक भारतीय दूतावास, टोकियो के परामर्श पर पोत परिवहन व्यवस्था करने के लिए सहमत है और इस उद्देश्य के लिए वह भारतीय दूतावास, टोकियो को, यथामिल माल की सुपुर्दगी के कार्यक्रम से अवगत करायेगा और पोतलदान से कम से कम 6 सप्ताह पूर्व भारतीय दूतावास को सूचना देगा जिससे कि उचित व्यवस्था हो सके विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक इच्छुक हो, सूचना की इस अवधि को कम किया जा सकता है। जापानी संभरक को प्रत्येक पोतलदान के पश्चात् आवश्यक ब्यौरे देते हुए तार से सूचना भेजने के लिए सहमत होना चाहिए और उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जानी चाहिए।

खण्ड 4 विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा ठेके का अनुमोदन

4(1) लाइसेंसधारी को पक्के आदेश देने के लिए निर्धारित अवधि के भीतर भारतीय गैस प्राधिकरण लि. और

विदेशी संभरकों दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित ठेके की चार प्रतियों जो विदेशी संभरकों द्वारा लिखित में पुष्टि आदेश के साथ हों या उनकी हर प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियां संगत वैध आयात लाइसेंस की दो फोटो प्रतियों सहित, जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए।

4(2) उपर्युक्त क्रियाविधि सभी ठेकों के लिए और ठेकों की विषयवस्तु के लिए अनिवार्य अशोधिनों के कारण संशोधनों या उनकी कीमतों पर भी लागू होगी।

4(3) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) जापान अनुभाग, भारतीय गैस प्राधिकरण की गैस पाइपलाइन के लिए येन क्रेडिट सं आई डी पी-30 परियोजना सहायता के अन्तर्गत वित्तदान सहकारिता करने के लिए विदेशी आर्थिक निधि (ओ ई सी एफ) को संविदा दस्तावेजों की एक प्रति उनके अनुमोदन के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा।

खंड-5 विदेशी संभरकों को भुगतान साखपत्र क्रियाविधि

5(1) विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) से ठेके के अनुमोदन की सूचना मिलने पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग जापान अनुभाग द्वारा भारतीय प्राधिकरण लि. और सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक को उसकी सूचना दे दी जाएगी। उसके बाद भारतीय गैस प्राधिकरण लि. सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक (जिसे इसके बाद सी ए ए एंड ए कहा गया है) आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू सी ओ बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली को अनुबंध-3 के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए अनुरोध करना चाहिए। सी ए ए एंड ए संबंधित विदेशी संभरक के लिए संलग्न प्रपत्र-4 (आयातों के लिए) में एक प्राधिकार पत्र जारी करेगा। जो संबद्ध विदेशी संभरक के नाम में वास्तविक आयातों के लिए संलग्न अनुबंध-5 (सेवाओं के लिए) के रूप में अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए भारतीय बैंक की टोकियो शाखा को भेजा जाना चाहिए। प्राधिकार पत्र की प्रतियां विदेशी आर्थिक सहयोग निधि ओ ई सी एफ) भारतीय दूतावास, टोकियो, भारत में आयातक के बैंक और जापान अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को भी पृष्ठांकित की जाएंगी।

5(2) प्राधिकार पत्र मिलने पर, भारतीय बैंक, टोकियो अनुबंध-4 (आयातों के लिए लागू होता है) या 5 (सेवाओं के लिए लागू होता है) के अनुसार संबंधित विदेशी संभरकों के नाम में अपरिवर्तनीय साखपत्र की स्थापना करेगा और उसकी एक प्रति विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ), भारतीय दूतावास, टोकियो, भारत में आयातक के बैंक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भी भेजेगा।

सी ए ए एंड ए से प्राधिकार पत्र के आधार पर साखपत्र खोलने के लिए उपर्युक्त क्रियाविधि, संविदा संशोधन या अन्यथा के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे सभी प्राधिकार पत्र/साखपत्रों के संशोधनों पर स्वतः लागू होगी।

5(3) माल का पोतदान करने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से साख पत्र में उल्लिखित दस्तावेज भुगतान के लिए बैंक ऑफ इंडिया टोकियो को प्रस्तुत करेगा। (यदि दस्तावेज सही पाए गए) तो बैंक ऑफ इंडिया, टोकियो दस्तावेजों में उल्लिखित धनराशि को विदेशी संभरक को उसके बैंकरों के माध्यम से रिहा करेगा और उसके बाद आयातों की लागत की धनराशि की प्रतिपूर्ति विदेशी आर्थिक निधि से प्राप्त करेगा।

5(4) साख पत्र खोलने उसके अधीन सौदा करने और यदि कोई विदेशी संभरकों के बैंकरों के अन्य प्रभारों के लिए बैंक ऑफ इंडिया टोकियो को देय बैंकिंग प्रभार/आयातक/विदेशी संभरकों द्वारा चुकाएं जाएंगे। उस अवधि के लिए बैंक आफ इंडिया टोकियो को देय बैंक प्रभार जो कि उनके द्वारा आयातों की कीमत के भुगतान की तारीख से ओ ई सी एफ द्वारा विदेशी संभरकों को प्रतिपूर्ति की तारीख तक होगा, का निपटान, भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से बैंक ऑफ इंडिया के लिए प्रेषण द्वारा भारत में आयातक के संबंद्ध बैंक द्वारा किया जाएगा।

5(5) प्रतिपूर्ति क्रियाविधि

भारतीय संभरकों से माल एवं सेवाओं की खरीद के लिए ऋण की धनराशि के वितरण के लिए क्रियाविधि, ऋण समझौता (आई डी-पी-30) की प्रतिपूर्ति क्रियाविधि के अनुसार होगी।

प्रति जापानी येन के लिए भारतीय रुपए की विनिमय दर, निर्देश (गाइडलाइंस) की धारा 4.07 में यथा विशिष्ट-कृत बोली खुलने की तारीख को प्रचलित दर होगी। प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन के साथ ऋणी मान्यता प्राप्त बैंक से एक प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करेगा जिसमें बोली खुलने की तारीख को येन रुपए की विनिमय दर का सत्यापन किया जाएगा।

खंड-6 रुपया निक्षेप करने के लिए उत्तरदायित्व

6(1) भारतीय बैंक, टोकियो संगत प्राधिकार पत्र के परिशिष्ट में संकेतित अनुसार आयातक के प्राधिकृत बैंकर को निरपवाद रूप से लेन-देन के पोत परिवहन दस्तावेज रिहा होने से पहले इस बात का सुनिश्चित करेगा कि भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी दिल्ली में रुपया निक्षेप कर दिया गया है। प्रथम 30 दिनों के लिए 12 प्रतिशत प्रति वर्ष के हिसाब से गिनी गई येन भुगतान के समतुल्य रुपए के लिए ब्याज प्रभार और वास्तविक रुप या निक्षेप की तारीख से विदेशी संभरक को बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भुगतान की तारीख तक 18 प्रतिशत की दर पर ब्याज प्रभार की मूल धनराशि के साथ सार्वजनिक सूचना सं. 31 आईटीसी (पीएन)/83, दिनांक 10-8-83 के अनुसार जमा कराने पड़ेंगे। इस बात

को नोट कर लिया जाना चाहिए कि इन दोनों दिनों अर्थात् जिस तारीख को भुगतान किया जाता है और जिस तारीख को सार्वजनिक सूचना सं. 103/आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 12-10-74 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं. 74-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 के अनुसार ब्याज सरकारी लेखे में जमा किया जाता है, उन दोनों दिनों के लिए ब्याज लिया जाएगा।

विदेशी संभरक को किए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपए की गणना करने के लिए अपनायी जाने वाली विनिमय की दर भुगतान की तारीख को लागू विनिमय की वह मिश्रित दर होगी जो सार्वजनिक सूचना सं. 109-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 3-8-74 और सं. 8-आईटीसी (पीएन)/76, दिनांक 17-1-76 में निर्धारित तरीके के अनुसार निश्चित की गई हो अथवा जो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित की गई हो। इस संबंध में और ब्याज की दर के संबंध में भी जब भी कोई परिवर्तन आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय बैंक की जिम्मेदारी होगी कि देय धनराशि आयातकों को आयात दस्तावेज सौंपने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है। आयातक को भी यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि देय धनराशि अपने ऋणदाताओं से दस्तावेजों की सुपुर्दगी लेने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए आयातक की जिम्मेदारी होगी कि देय धनराशि सरकारी खाते में ठीक प्रकार से तुरन्त जमा कर दी है भले ही जब वे विशेष परिस्थितियों के अंतर्गत सीमा शुल्क प्राधिकारियों से माल की सुपुर्दगी प्राप्त करते हैं। यदि आयातक सरकार को देय धनराशि या माल की सुपुर्दगी लेने से पहले जमा नहीं कर पाता तो आगे के लिए उसे प्राधिकार पत्र देना बन्द कर दिया जाए और मामले की रिपोर्ट मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को दी जाए ताकि ऐसे आयातक को आगे और आयात लाइसेंस जारी न किए जाएं। जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जाएगा वह "के डिपोजिट्स एण्ड एडवांसिज-843 सिविल डिपोजिट्स-डिपोजिट्स फार परचेजिज एटस्ट्रा एग्रीड अंडर क्रेडिट लोन एग्रीमेंट"—लोन फ्रोम दि गवर्नमेंट आफ जापान 20.0 बिलियन येन क्रेडिट सं. आई डी-पी30 फार दि गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट होना चाहिए।

6(2) ऊपर उल्लिखित धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली में चालान के ऊपर दाहिनी ओर कोने में कोड सं. 5130000009 का संकेत देते हुए सरकार की साख में सार्वजनिक सूचना सं. 184-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 30-8-68, सं. 233-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 24-10-68, सं. 132-आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-71, सं. 74-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 और सं. 103-आईटीसी (पीएन)/76, दिनांक 12-10-76 में यथा निर्धारित तरीके में जमा होना चाहिए।

6(3) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा ऐसी मांग किए जाने के बाद सात दिनों के भीतर सम्बद्ध भारतीय बैंक भी ऊपर निर्धारित तरीके से यह अतिरिक्त धनराशि सेवा कार्यों के निमित्त भेजेगा जो वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) द्वारा मांगी जाए। चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात का सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि सार्वजनिक सूचना सं. 132-आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-71 के पैरा-2 में निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन परेषण और प्राधिकारी (यदि कोई हो)" के पूर्ण ब्यौरे में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट किए गए हैं। खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिए :—

(क) वित्त मंत्रालय के प्राधिकार पत्र की संख्या और दिनांक

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके संबंध में अपनाई गई परिवर्तन की दर पर निक्षेप किए जाते है।

(ग) विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि।

उसके पश्चात सी ए ए एण्ड ए द्वारा जारी किए गए प्राधिकार पत्र का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत परिवहन दस्तावेज को संलग्न करते हुए खजाना चालान रुपया जमा करने का साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी ए ए एण्ड ए को भेजा जाना चाहिए।

टिप्पणी :—भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रुपये का निक्षेप भारतीय बैंक, टोकियो की अदायगी की सूचना और अपरिवर्तनीय पोतलदान दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिए और यह कि इसके तत्काल बाद सी ए ए एण्ड ए वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) नई दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा।

6(4) भारत में सम्बद्ध भारतीय बैंक को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और अपेक्षित "एस" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजना चाहिए।

खंड-7 विविध व्यवस्थाएं

7(1) आयात लाइसेंस के उपयोग करने की रिपोर्ट

आयातक का पोतलदान और उसके अधीन किए गए भुगतान और शेष धनराशि के बारे में साख पत्र खोलने के बाद एक मासिक रिपोर्ट सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू सी ओ बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग नई दिल्ली को भेजनी चाहिए।

7(2) संभरकों की विशेष शर्तें अधिसूचित करना

लाइसेंसधारी के आयात लाइसेंस में दिए गए किसी उन विशेष उपबंधों से संभरक को अवगत करा देना चाहिए जो माल के लाने में संभरक पर प्रभाव डालती है।

7(3) विवाद

यह समझ लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच कोई विवाद उठेगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी। भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा किए गए भुगतान से पहले संभरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें अनुबंध-3 में "भुगतान की शर्त" के अंतर्गत अच्छी तरह से स्पष्ट कर लेनी चाहिए। संविदा की शर्तों में विवाद के निपटान से सम्बद्ध व्यवस्थाएं शामिल होनी चाहिए।

7(4) भविष्य अनुदेश

आयात लाइसेंस या उसके संबंध में उठ खड़े होने वाले किसी मामले या सभी मामलों से संबंधित या जापानी प्राधिकारियों के साथ येन क्रेडिट समझौते (परियोजना सहायता) सं. आईडीपी-30 के अधीन सभी आभारों को विदेशी आर्थिक निगम निधि, जापान (ओ ई सी एफ) के साथ पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निदेशों, अनुदेशों या आदेशों का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा।

7(5) अतिक्रमन या उल्लंघन

उपर्युक्त खंडों में निर्धारित की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी।

7(6) अनुबंधों की सूची

अनुबंध–1	पात्र स्रोत देशों की सूची
अनुबंध–2	प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए अनुरोध
अनुबंध–3	प्राधिकार पत्र का प्रपत्र
अनुबंध–4	साख पत्र का प्रपत्र (आयातों के लिए लागू)
अनुबंध–5	साख पत्र का प्रपत्र (सेवाओं के लिए लागू)

अनुबंध–1

पात्र स्रोत देशों की सूची

(क) विकासशील देश तथा उनके क्षेत्र

(क-1) विदेशी आर्थिक सहयोग से भिन्न विकासशील देश

1. अफ्रीका उत्तरी, सहारा

मिश्र	मोरोको	तुनीशिया

अफ्रीका, दक्षिणी सहारा

अंगोला	बोत्सवाना	बुरुण्डी
कैमेरन	केय वर्डी द्वीप समूह	केन्द्रीय अफ्रीका गणतंत्र
चाड	कमोरो द्वीप समूह	कांगो, दाहोमे का गणतंत्र
मध्य गिनि(1)	इथोपिया	गैम्बिया
घाना	गिनी	आइवेरी कोस्ट
कीनिया	लेसोथो	लाइबेरिया
मालागासी गणतंत्र	मालावी	माली
मारितेनिया, मारीशस	मूजम्बिक	नाइजर
पुर्तगाली गिनी	रियूनियम	रोडेशिया
टोण्डा	सेंट हेलिमा और डेप(2)	साओ टोम और प्रिन्सइप
सेनेगल से	सेचिलिज	सिएरा लिओन
सोमालिया	सूडान	स्वाजीलैण्ड
टेरी आफर्स और इस्सास	टोगो	युगान्डा
तंजानिया गणतंत्र संघ	अपर वोल्टा	जाइरे , गणतंत्र
जाम्बिया		

अमरीका, उत्तरी और केन्द्रीय :

बेहमस	बारबाडोज	बेलाइज
बेरमूडा	कोस्टारिका	क्यूबा
डोमिनिकन गणतंत्र	एल सालवाडोर	गुवाडे लोप
ग्वाटेमाला	हेती	होन्ड्रस
जमैका	मार्टिनिक	मैक्सिको
नीदर लैण्ड अन्टिलीज	निकारगुवा	पनामा
सेन पियरो और निकेलान	ट्रिनीडाड और टोबागो	वेस्टइण्डीज (शारा) एनआई ई

(क) सह-संबद्ध राज्य (1)

(ख) आश्रित (2)

(1) पहले स्पेनी गिनी का प्रदेश, फरोन्डा पो द्वीप सहित

(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित :
असेन्शन, ट्रिस्तन्डा इन एसौसिवल्स, नाइटिनोल, गफ

(3) मुख्य द्वीप समूह, अरुबा, बोनाइरे, क्यूराकोओं, साहा, सेन्ट यूस्टासिट सेन्ट मारटिन (दक्षिण भाग)

4. दक्षिणी अमेरिका

अर्जेन्टीना	बोलिविया	ब्राजील
चिली	कोलम्बिया	फाल्क लैण्ड द्वीप समूह
फ्रांसीसी गुयाना	गुयाना	पराग्वे
पीरू	सूरिनाम	उरुग्वे

5. मध्य पूर्वी एशिया

बहरीन	इजराइल	जोर्डन
लेबनान	ओमन	सिरिआई अरब गणतंत्र
यूनाइटिड अरब अमीरात (3)	यमन अरब गणतंत्र	यमन जनवादी का डी आर (4)

6. दक्षिणी एशिया

अफगानिस्तान	बांगला देश	भूटान
बर्मा	भारत	माल द्वीप
नेपाल	पाकिस्तान	श्री लंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया

ब्रुनी	हांगकांग	खमेर गणतंत्र
कोरिया गणतंत्र	लाओस	मकाओ
मलेशिया	फिलिपाइन	सिंगापुर
ताइवान	थाइलैण्ड	तिमोर
वियतनाम गणतंत्र	वियतनाम जनवादी गणतंत्र	

8. सोसीनिया

कोक द्वीप समूह	फिजी	गिल्वर्ट और इलाइस द्वीप
फ्रांसिसी पोलिनेशिया (5)	नारू	न्यूवेलेन्डोनिया
न्यूहेब्रिसिस (ब्रि और फ्र)	नियू	पौलिपिक द्वीप समूह संयुक्त राज्य (6)
पापुवा न्यू गिनी	सोलोमन द्वीप समूह (ब्रा)	टोंगा
वालिस और फुतुना	पश्चिमी सागोआ	

9. यूरोप

साइप्रस	जिब्राल्टर	ग्रीक
माल्टा	स्पेन	तुर्की
यूगोस्लाविया		

(1) मुख्य द्वीप एन्टिगुवा, डोमिनिका, ग्रेनेडा, सेन्ट किट्स (सेन्ट क्रिस्टोफर) नेविस-अंगुइला, सेन्ट लुसिया और सेन्ट विसेन्ट ।

(2) मेन आईलैण्ड, मोन्तेसरत, सेपान, तुर्की और काइकीप और ब्रिटिश बरजिन द्वीप समूह ।

(3) अजमन, दुबई, फुजाइरत, रास अल सेमाह, शरजाह और उप आफ क्वेवेन ।

(4) अदन और विभिन्न सलतनत और अमीरात सहित ।

(5) सोसायटी आईलैण्ड्स समूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह, टुआसोट, जाम्बियर ग्रुप और पाकेसस द्वीप समूह ।

(6) पैसिफिक द्वीप समूह का ट्रस्ट प्रदेश, कारोलीन द्वीप समूह, मार्शल द्वीप समूह और मेरिना द्वीप समूह (ग्राम को छोड़कर)

(क) 2-ओ पी ई सी के सदस्य या सहयोगी देश

अल्जीरिया	बोलिविया	लीबियाई अरब गणतंत्र
गेबोन	नाइजीरिया	इक्वेडोर
वेनजुइला	ईरान	ईराक
कुवैत	कतर	सऊदी अरब
आबू-धाबी	इन्डोनेशिया	

अनुबंध 2

प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र

संख्या ..... दिनांक .....

सेवा में,

सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
यू सी ओ बैंक बिल्डिंग, प्रथम मंजिल,
पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001

विषय :—येन क्रेडिट सं. आई डी पी 30 (1984–85 के लिए परियोजना सहायता) के अंतर्गत जापान से .....का आयात ।

महोदय ,

ऊपर उल्लिखित येन क्रेडिट सं. आई डी-पी 30 (परियोजना सहायता) के अधीन .....से ..... के आयात के संबंध में हम आपको निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत करते है जिससे कि आप संबद्ध विदेशी संभरक के नाम में साखपत्र खोलने के लिए ..... (बैंक का नाम) को प्राधिकार पत्र जारी कर सके। यह बैंक वह होना चाहिए जो नीचे (ण) में दिया गया है ।

(क) भारतीय आयातक का नाम और पता

(ख) आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक और मूल्य और वह तारीख जिस तक वैध है ।

(ग) प्राप्ति के तरीके— क्या वह सीधे क्रया या औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा पर आधारित है । इसके मामले में यदि कोई कारण हो तो, कारण सहित यह उल्लेख होना चाहिए कि क्या संविदा का निर्णय उपर्युक्त न्यूनतम तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर किया गया है ।

(घ) माल का संक्षिप्त विवरण

(ङ) माल का उदगम देश

(च) यदि कोई हो तो, पात्र देश से इतर स्रोत देशों से आयातित संघटकों का प्रतिशत ।

(छ) भारतीय एन्जेट के कमीशन की धनराशि (येन में) यदि कोई हो ।

(ज) कुल जहाज पर्यन्त निशुल्क या लागत और भाड़ा मूल्य (येन में) जिसके लिए प्राधिकार पत्र अपेक्षित है ।

(झ) समुद्रपार के संभरकों के साथ की गई संविदा की संख्या एवं दिनांक

(ञ) समुद्रपार के संभरक का नाम और पता

(ट) वे भुगतान शर्तें और संभावित तिथियां जिनको संविदा के अंतर्गत भुगतान देय होंगे ।

(ठ) सुपुर्दगी को पूर्ण करने की प्रत्याशित तिथि ।

(ड) बैंक आफ इंडिया, टोकियो को भुगतान करते समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज (प्रत्येक सेट की संख्या और उनका निपटान दिखाते हुए)

(ढ) पोतलदान अनुदेश (वाहनान्तरण/पार्टशिपमेंट की अनुमति दी गई है या नहीं, निर्दिष्ट कीजिए)

(ण) भारत में आयातक के बैंक का नाम और पता

(त) क्या उसी लाइसेंस के अन्तर्गत संविदा (संविदाएं) की गई हैं और जापानी प्राधिकारियों को अधिसूचित कर दी गई हैं, यदि हां तो ऐसी प्रत्येक संविदा की संख्या, दिनांक और मूल्य और वित्त मंत्रालय का वह संदर्भ जिसके अंतर्गत ओ ई सी एफ को इसे अधिसूचित किया गया है ।

(थ) क्या साखपत्र के संचालन और रख-रखाव के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो को देय बैंक खर्चे आयातकों/या संभरकों द्वारा वहन किए जाने है ।

(द) आयातक द्वारा वचनबद्धता :—
"हम एतद्द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से और दर से विदेशी संभरक को किए गए भुगतान के समतुल्य रुपये को पूरा और सही जमा करने का वचन देते है । प्रत्येक निक्षेप माल (आयातित सामग्री) का सुपर्दगी सौपने से पूर्व तत्काल ही धनराशियां जमा कराई जाएंगी । विदेशी राष्ट्रीयता वालों की सेवाओं के लिए भुगतानों के मामले में, दिए गए ज्यों ही विदेशी संभरकों के सम्बद्ध बीजक हमारे द्वारा अनुमोदित कर दिए जाएं और संभरकों को भुगतान कर दिया जाए, त्यों ही धनराशिया जमा करा दी जाए ।

अनुबंध 3

सं. एफ
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
नई दिल्ली, दिनांक

सेवा में,

बैंक आफ इंडिया

टोकियो शाखा,

टोकियो (जापान)

विषय :– येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) ऋण करार सं. आई डी पी 30 के अधीन आयात—साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकार पत्र जारी करना ।

प्रिय महोदय,

आपके बैंक के साथ 25-3-1980 को किए गए समझौते की शर्तों के अनुसार आपको एतद्द्वारा यथा संलग्न ब्यौरे के अनुसार सर्वश्री .....के नाम में येन धनराशि के लिए अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए प्राधिकृत किया जाता है ।

आपके बैंक द्वारा खोले गए प्रत्येक साखपत्र की प्रति आयातक के बैंक, ओ ई सी एफ भारतीय दूतावास, टोकियो और हमें पृष्ठांकित की जाए ।

साख पत्र की शर्तों के अनुसार प्रारम्भ में संभरकों को भुगतान आपकी निधि से किया जाएगा । भुगतान के साथ ओ ई सी एफ को आवश्यक दस्तावेज भेजकर किए गए भुगतान की प्रतिपूर्ति का दावा तत्काल करना चाहिए ।

संभरक को आपके द्वारा किए गए भुगतान की तिथि से ओ ई सी एफ द्वारा आपको उसकी प्रतिपूर्ति की तिथि तक के बीच के समय के लिए आपको चुकाए जाने योग्य ब्याज प्रभार भारत सरकार के लेखे पर प्रभाव डाले बिना सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से भारत में संबंद्ध आयातक के बैंक के साथ आपके द्वारा निर्णीत किए जाएंगे । बैंकों के अन्य खर्चे जिसमें साखपत्र खोलने, रख-रखाव करने और साखपत्रों को जारी करने और सौदा संबंधी दस्तावेजों के संचालन से संबंधित और यदि कोई हो तो, विदेशी संभरकों के बैंकरों के खर्चे भी विदेशी संभरक/आयातक को ही देने पड़ेंगे । इस प्रकार ऐसे भुगतानों की प्रतिपूर्ति का दावा ओ ई सी एफ से नहीं किया जा सकता । जैसे ही आप कोई भुगतान करें और आपको उसकी अदायगी का तार उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र में इस मंत्रालय को भेज दीजिए ।

जैसे ही आपके द्वारा कोई भुगतान किया जाता है और उसकी प्रतिपूर्ति आपको कर दी जाती है तो इसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र में इस मंत्रालय को भी दे दी जानी चाहिए ।

यह प्राधिकार पत्र समुद्रपार संभरकों के नाम में साख-पत्र खोलने के लिए है इस मंत्रालय के विशिष्ट प्राधिकार के बिना इस प्राधिकरण के मद्दे खोले गए आगे के नए साख पत्र या साख पत्र में बाद के संशोधनों का अनुपालन नहीं किया जाएगा।

यह प्राधिकार पत्र .... तक वैध रहेगा।

भवदीय,

लेखा अधिकारी

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित :-

1 आयातक .... को उनके पत्र सं० .... दिनांक .... के संदर्भ में।

उनसे अनुरोध है कि वे बैंकरों से विनिमय दस्तावेजों की डिलीवरी लेने से पूर्व निर्धारित दर पर और तरीके से अपने बैंकरों के माध्यम से रुपया निक्षेप आदि जमा कराने का प्रबंध करें। अपवाद परिस्थितियों के रूप में यदि माल की डीलीवरी सीधे ही सीमा शुल्क और पत्तन प्राधिकारियों से मूल पोतलदान दस्तावेज भेजे बिना ही प्राप्त कर ली जाती है, तो डिलीवरी लेने के पूर्व ही निक्षेप किए जाने चाहिए। विदेशी राष्ट्रीयता वालों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए भुगतान के मामले में जैसे ही सम्बद्ध बीजक भुगतान द्वारा अनुमोदित हो जाए, निक्षेप कर दिए जाएं/निक्षेप जल्दी ही और ठीक से न करने पर लाइसेंस की शर्तों में उल्लिखित आवश्यक कार्रवाई की जाए।

2. आयातक के बैंकर ....। उनसे निवेदन किया जाता है कि बैंक आफ इंडिया, टोकियो ब्रांच से दस्तावेज प्राप्त करने पर विदेशी संभरक को येन भुगतान के बराबर रुपये जमा करने की व्यवस्था करें। संभरकों को चुकाई गई धनराशि के बराबर रुपए की गणना सार्वजनिक सूचना सं. 8-आईटीसी (पीएन)/76, दिनांक 17-1-76 या अन्य ऐसी ही सार्वजनिक सूचना जो समय-समय पर जारी की जाए के अनुसार संभरकों को भुगतान करने की तिथि को यथा प्रचलित परिवर्तन की मिश्रित दर पर की जाएगी। संभरक को भुगतान करने की तिथि/बैंक आफ इंडिया की अदायगी की तिथि और जिस तिथि को सरकारी लेखे में तुल्य रुपया जमा किया जाए इनके बीच की अवधि के लिए प्रथम 30 दिनों के लिए 12%सालाना की दर से और 30 दिनों से अधिक के लिए 18%सालाना की दर से ब्याज का हिसाब लगाकर वह भी भारत सरकार के लेखे में सार्वजनिक सूचना सं. 31-आईटीसी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-83 के अनुसार जमा कराना होगा। ब्याज दोनों दिनों अर्थात् जिस दिन विदेशी संभरक को भुगतान किया जाए और जिस दिन सरकारी लेखे में रुपया जमा किया जाए, के लिए चढ़ाया जाएगा। (इस दर में यदि कोई परिवर्तन किया जाएगा तो उसकी सूचना दे दी जाएगी)। यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आयातक को सीमा शुल्क निकासी के लिए आयात दस्तावेजों का मूल सेट दिए जाने से पूर्व यह धनराशि जमा की जानी है।

ये धनराशियां या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी में चालान के दाहिनी ओर कोड सं. 5130000009 दर्शाते हुए जमा करनी चाहिए। इस संबंध में उनका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं. 184-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 30-8-68, 233-आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 24-10-68, 132-आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-71, सं. 74-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 31-5-74 एवं सं. 103-आईटीसी (पीएन)/76, दिनांक 12-10-76 में दिए गए प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है। वह लेखा शीर्ष जिसमें रुपया जमा कराना है वह "के डिपाजिट्स एंड एडवांसिज 843 सिविल डिपाजिट्स—डिपाजिट्स फार परचेजिज एटसेट्रा अब्राड अंडर परचेजिज अंडर क्रेडिट/लोन एग्रीमेंट्स"—लोन फ्रोम दि गवर्नमेंट आफ जापान 20 बिलियन येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आईडीपी 30 फार 1984-85 है।

जिन मामलों में तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी में सार्वजनिक सूचना सं. 132 आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-71 के अनुसार नकद जमा किया जाता है, उनके चालान की मूल रूप में एक प्रतिलिपि बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा से प्राप्त सूचना टिप्पणी का पूर्ण विवरण देते हुए अग्रेषण पत्र सहित उनके द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजी जाएगी :—

सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग),
पहली मंजिल, यू सी ओ बैंक बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली—110001

जिन मामलों में तुल्य रुपया ऊपर संकेतित सार्वजनिक सूचना सं. दिनांक 24-10-68 में यथा उल्लिखित दर्शनी हुण्डी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचनाएं उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहिए। सभी मामलों में, जमा किए गए तुल्य रुपए का पूरा ब्यौरा इस विभाग को भेजना चाहिए।

संभरक को भुगतान करने की तिथि और ओ ई सी एफ द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो को उसकी अदायगी की तिथि के बीच की अवधि के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो को देय ब्याज प्रभार आपके द्वारा सामान्य बैंक सूत्रों के माध्यम से भारत सरकार के लेखे पर प्रभाव डाले बिना बैंक आफ इंडिया, टोकियो के साथ निर्णीत किए जाएंगे।

3. निदेशक, ऋण विभाग 2 समुद्रपार आर्थिक सहयोग निधि, टाकोबाशी, गोडो बिल्डिंग, 4-1 ओहाटमेची 1 कोमे चियोडा-कू टोकियो 100 जापान।

4 भारतीय दूतावास, टोकियो।

5. अवर सचिव, जापान अनुभाग, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली।

(लेखा अधिकारी)

अनुबंध-4

अपरिवर्तनीय साख पत्र (ओईसीएफएलसी-1 प्रपत्र)

(माल के लिए लागू)

दिनांक :

सेवा में,

प्रिय महोदय ········	यह साख पत्र (ऋणी) और
———————	विदेशी आर्थिक सहयोग
(संभरक का नाम और पता)	निधि के बीच हुए ऋण करार सं··········· दिनांक······के अनुसरण में जारी किया गया है।

प्रिय महोदय,

हम सूचित करते हैं कि हमारे नाम में निकालने के लिए बीजक के पूरे मूल्य के लिए दर्शनी हुंडी द्वारा उपलब्ध रकम या रकमों के लिए हमने अपरिवर्तनीय साखपत्र सं········ ····················खोल दिया है जो ·········· येन (·······················येन कह सकते हैं) की कुल धनराशि से अधिक नहीं है। इसे निम्नलिखित दस्तावेज के साथ भेजा जाना है :—

हस्ताक्षरित वाणिज्यिक बीजक

क्लीन आन बोर्ड, समद्री पोत लदान बिल जिनमें किए गए आदेशों का पूरा सैट हो बैंक पृष्ठांकित एवं चिह्नित "फ्रेट" एवं "नोटिफाइ"

अन्य दस्तावेज जिसमें············से··········· तक लदान का सत्यापन किया गया हो [संविदा सं·····(यदि कोई हो)] के संदर्भ में संक्षिप्त विवरण आंशिक पोतलदान स्वीकृत है। वाहनांतरण स्वीकृत है।

पोतलदान बिल जो·········से बाद की तिथि का नहीं होना चाहिए। आदेशिती को·········19 तक अवश्य प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

इस क्रेडिट के अंतर्गत सभी ड्राफ्ट और दस्तावजों पर यह अंकन होना चाहिए। "अपरिवर्तनीय साख पत्र सं······ दिनांक··19 के अंतर्गत निकलवाया गया और आयात संदर्भ सं. (संख्याएं) यदि कोई हो, यह क्रेडिट हस्तांतरणीय नहीं है"।

हम एतद्द्वारा वचन देते है कि इस क्रेडिट के अंतर्गत और इसकी शर्तों का अनुपाल करके निकलवाए गए सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर और आदेशिती को दस्तावजों की सुपुर्दगी पर विधिवत् स्वीकार किए जाएंगे।

जब तक अन्यथा रूप से विस्तारपूर्वक न बताया जाए कि क्रेडिट "यूनिफार्म कस्टम एंड प्रेक्टिस फार डाकुमेंट्स क्रेडिटस (1974 रिवोजन) इन्टरनेशनल चैम्बर आफ कामर्स, पब्लिकेशन सं. 290" के अधीन है।

सौदा करने वाले बैंक के लिए विशेष अनुदेश

उपर्युक्त ऋण करार के अंतर्गत जारी किए गए वचन पत्र की व्यवस्थाओं के अनुसार विदेशी आर्थिक सहयोग निधि द्वारा हमारे भुगतान के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के बाद हम वचन देते हैं कि हम सौदा करने वाले बैंक द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार हुंडी की धनराशि को लौटा देंगे।

2. सौदा करने वाले बैंक को यह बताते हुए हम ड्राफ्ट और दस्तावेजों का एक पूर्ण सेट और इसके साथ एक प्रमाण पत्र अवश्य भजेंगे कि शेष दस्तावेज सीधे ही हवाई डाक द्वारा ····················को भेज दिए गए है।

3. इस क्रेडिट के अतर्गत सभी बैंक खर्चे आयातक/संभरक के लेख के लिए हैं।

भवदीय,

(··············)

वाणिज्यिक बैंक

द्वारा·················

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

भुगतान शर्तें

यह भुगतान हमारी साखपत्र सं············ ··················का अभिन्न अंग है।

1. प्रारंभिक भुगतान

धनराशि··············येन जो कि कुल संविदा मूल्य के··········प्रतिशत है।

अपेक्षित दस्तावेज

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि

2. मध्यवर्ती भुगतान (यदि कोई हो)

धनराशि·················येन जो कि कुल संविदा मूल्य का············· प्रतिशत है।

अपेक्षित दस्तावेज

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि

3. पोतलदान दस्तावेजों के मद्दे भुगतान

धनराशि··············येन जो संविदा के कुल मूल्य का············· प्रतिशत है।

टिप्पणी : पोतलदान दस्तावेजों के मद्दे पूर्ण भुगतान के मामले में इस संलग्न दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।

अनुबंध-5

(ओ ई सी एफ – एल सी–2 प्रपत्र)

अपरिवर्तनीय साखपत्र

(सेवाओ के लिये लागू)

दिनाक

सेवा मे

यह साख पत्र ऋणी और विदेशी आर्थिक सहयोग निधि के बीच हुए ऋण करार स
(सभरक का नाम व पता) दिनाक के अनुसरण मे जारी किया गया है।

प्रिय महोदय,

हम आपको सूचित करते है कि हमारे नाम मे निकालने के लिए पूर्ण ब्यौरे मूल्य के लिये लाभकारी ड्राफट एट साइट द्वारा उपलब्ध रकम या रकमो के लिये आपके नाम मे हमने अपरिवर्तनीय साख पत्र स .... खोल दिया है जो येन (येन पहले) की कुल धनराशि से अधिक नही है।

इसमे सलग्न भुगतान अनुसूची के अनुसार अपेक्षित (सविदा और परियोजना) से सबधित दस्तावेजो को नत्थी करना है सौदा तय करने के लिये ड्राफट से पहले प्रस्तुत किये जाने चाहिये।

सभी ड्राफ्ट और दस्तावेज अपरिवर्तनीय साखपत्र स दिनाक के अतर्गत भुना लिये गये हैं, से चिन्हित होने चाहिये।

यह क्रेडिट हस्तान्तरणीय नही है

हम एतद्द्वारा वचन देते है कि इस क्रेडिट के अतर्गत इसकी शर्तों का अनुपालन करके भुनाये गये सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर और आदेशितो को दस्तावेजों की सुपुर्दगी पर विधिवत स्वीकार किये जायेंगे।

जब तक अन्यथा रूप से विस्तार पूर्वक न बताया जाये, यह क्रेडिट "यूनिफार्म कस्टम एड प्रेक्टिस फार डाकूमेंटरी क्रेडिट्स (1974 रिवीजन) इन्टरनेशनल चैम्बर आफ कामर्स न 290" के अधीन है।

सौदा करने वाले बैंक को विशेष अनुदेश

1 इसमें सलग्न प्रपत्र के अनुसार (ऋणी और इसके मनोनीत अधिकारी) द्वारा जारी किये गये निष्पादन के मूल विवरण की प्राप्ति के पश्चात् इस क्रेडिट के अंतर्गत भुगतान इसमे सलग्न शीट मे निर्धारित भुगतान अनुसूची के अनुसार किए जाने चाहिये। प्रारम्भिक भुगतान के मामले मे उपर्युक्त निष्पादन के विवरण के बजाये लाभकारी विवरण की आवश्यकता है।

2 ऊपर उल्लिखित ऋण समझौते के अधीन जारी किये गये वचनबद्धता पत्र के उपबन्धो के अनुसार विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से अपने भुगतानों के लिये प्रतिपूर्ति प्राप्त कर के बाद हम ड्राफटों की धनराशि का मोल–तोल करने वाले बैंक द्वारा जारी किये गये अनुदेशो के अनुसार परेषित करनें का वचन देते है।

3 उपर्युक्त मद 1 मे यथा उल्लिखित दस्तावेज की एक प्रति और मसौदे हमे उसकी प्राप्ति के तुरन्त बाद ही भेजे जायेंगे।

4 इस साख के अतर्गत बैंक के सभी खर्चे सभरकों के लेखे के लिये है।

भवदीय,

(वाणिज्यिक बैंक)

द्वारा

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

भुगतान अनुसूची

यह भुगतान अनुसूची हमारे साख पत्र स का एक अभिन्न अग है।

1 प्रारम्भिक भुगतान
धनराशि येन
कुल सविदा मूल्य का प्रतिशत है।
अपेक्षित दस्तावेज लाभकारी विवरण की अतिम भुगतान तिथि

2 भुगतान वृद्धि
सम्पूर्ण योग की धनराशि येन
कुल संविदा मूल्य का ..... प्रतिशत
निम्न प्रकार से भुगतान किया जाना है –

देय धनराशि	अतिम भुगतान तिथि
येन	...
पहली किस्त येन	.
दूसरी किस्त येन	.
	.

अपेक्षित दस्तावेज (ऋणी अथवा उसके मनोनीत प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये निष्पादन के विवरण की एक प्रति जिसको एक प्रपत्र संलग्न है।

निष्पादन का विवरण

दिनांक

संदर्भ

सेवा में,

.....

.....

.....

(संगरक का नाम और पता)

संदर्भ :- ऋण करार सं ..... के अंतर्गत ..... परियोजना से संबंधित ..... के लिए ..... येन के लिये ..... द्वारा जारी किये गये साखपत्र को सं. ..... दिनांक ..... । मैं, अधोहस्ताक्षरी, प्रतिनिधि (ऋणी) एतद्द्वारा ..... और ..... के बीच समझौता सं. ..... दिनांक ..... में निहित भुगतान की शर्तों के अनुसार समुद्रपार आर्थिक सहायता निधि द्वारा ..... की धनराशि (..... येन केवल) प्राप्त करने के लिये एक निष्पादन विवरण जारी करता हूं।

(.....)

ऋणी

द्वारा .....

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

विशेष अनुदेश :-

वास्तविक निष्पादन का विवरण इसमें संलग्न पत्र में दर्शाया जायेगा।

PUBLIC NOTICE NO. 28-ITC(PN)/85-88

New Delhi, the 13th August, 1985

Subject : Licensing conditions in respect of imports of goods and services under the Yen credit of Yen 20.0 Billion for the implementation of the Gas Pipeline project of the Gas Authority of India Ltd. (GAIL) extended by the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan.

File No. IPC/23(19)/84-85.—The terms and conditions governing the issuance of import licences under the 20.0 Billion Yen Credit extended by the Overseas Economic Cooperation Fund of Japan (OECF) for financing the import requirements of the Gas Pipeline Project of the Gas Authority of India Ltd. (GAIL) as given in Appendix to this Public Notice are notified for information.

R. L. MISRA, Chief Controller of Imports & Exports

APPENDIX TO MINISTRY OF COMMERCE PUBLIC NOTICE NO. 28-ITC(PN)/85-88 DATED THE 13TH AUGUST, 1985

Licensing conditions in respect of imports of goods and services under the Yen credit of Yen 20.0 Billion for the implementation of the Gas Pipeline Project of the Gas Authority of India Ltd. (GAIL) extended by the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan

Section I—General conditions

1 (i) The Yen credit of Yen 20.0 billion extended by the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan for financing the import requirements of the Gas Pipeline Project of the Gas Authority of India Ltd. (GAIL) is untied in favour of Japan and all the developing countries including India. Accordingly the goods and services to be procured under this credit can be procured from Japan and all countries (including India) enumerated in the list at Annexure I which will be eligible source countries under the credit.

I (ii) Import Licence(s) under the credit can be issued only for such items and for such value as have been specifically cleared by the DGTD/CG Committee. The value of the import licence(s) issued under this credit should not exceed Yen 22.0 billion (CIF).

The rupee value of the import licence shall be determined with reference to the Exchange rate notified by the Department of Revenue (Customs) and prevailing on the date of issue of the import licence and indicated in the body of the import licence(s) as per para 2 of the Public Notice No. 78-ITC(PN)/74 dated the 6th June, 1974, issued by the CCI&E, which also enjoins that the Customs Authorities and the authorised dealers in foreign exchange will make debits to the value of the licence at the exchange rate specified on the import licence(s). The licence will bear the superscription "Japanese Yen Credit No. ID-P. 30". The first and second suffix to the licence code will be "S/JC". This will also be repeated in the letter from the CCI&E forwarding the import licence to GAIL, a copy of which should be endorsed to the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Japan Section).

I (iii) Import licence(s) can be issued only in favour of GAIL on CIF basis.

I (iv) Depending upon the convenience of GAIL more than one import licence may be issued under this credit, but the total value must not exceed Yen 22.0 billion (CIF) as specified at (ii) above.

I (v) Licences will be issued with initial validity period of 24 months. The extension of the validity of the import licence, may on application by GAIL be extended for a further period of 12 months. Requests for further extension/issue of a fresh import licence, if any, should be referred to the Department of Economic Affairs (Japan Section).

I (vi) Imports to be financed under the credit are restricted to the list of goods and services attached to the import licence, duly attested by the licensing authorities.

I (vii) No remittance of foreign exchange will be permitted against the import licence. Any payment towards Indian Agents' Commission should be made in Indian rupees to the agents in India. Such payments, however, will form part of the licence value and will, therefore, be charged to the licence.

I (viii) Firm order must be placed on FOB|C&F basis on the Overseas supplier located in the countries mentioned in Annexure I and sent to the Department of Economic Affairs (Japan Section) within 4 months from the date of issue of the import licence. "Firm orders" means purchase orders placed by the Indian licencee on the overseas supplier duly signed by the latter or purchase contract duly signed by both the Indian importer and the overseas suppliers. Orders on Indian Agents of overseas suppliers and|or orders confirmation of such Indian Agents are not acceptable.

I (ix) This condition of the placement of contracts within 4 months period will be treated as not having been complied with unless complete contract documents reach the Ministry of Finance, Deptt. of Economic Affairs (Japan Section) within four months from the date of issue of the import licence. If firm orders as explained in Para I (viii) above cannot be placed within four months for valid reasons, the licencee should submit the import licence to the concerned licensing authorities giving reasons why ordering could not be completed within four months. Such requests for extension in the ordering period will be considered on merit by the licensing authorities who may grant extension upto a further maximum period of 4 months. If, however, extension is sought beyond 8 months from the date of issue of the import licence such proposals will invariably be referred by the licensing authorities to the Department of Economic Affairs (Japan Section), Ministry of Finance, North Block, New Delhi who will consider such extension on the merits of each case and communicate their decision to the licensing authorities for communication to the licencee. Only on production by the licencee of a letter from the licensing authorities sanctioning such extension will be authorised dealers and departmental authorities permit the facility of letter of authority for the establishment of the letter of credit, acceptance of deposits of the rupee equivalent etc. in respect of supply contracts entered into under the import licence.

I (x) All payments must be completed within 4 months from the expiry of the import licence. Individual payments must be arranged upon shipment of goods. The contract should provide for payment on cash basis i.e. on presentation of shipping documents. No credit facility of any kind will be permitted to be availed of by the Indian importer from the overseas supplier. The contract should provide for the period of delivery of goods as follows :

" ..... Months after the receipt of Letter of Credit but to be completed latest by the end ...."

In fixing the terminal date of shipment it should be noted that this date should not be beyond 31-12-1988.

Section II—Special points to be kept in view while negotiating a supply contract.

II (i) The FOB|C&F value of the contract should be expressed in Yen (Fraction of Yen should be omitted) and should be exclude Indian Agents' commission, if any, which should be paid in Indian rupees.

In no circumstances the contract value should be expressed in Indian rupees or in any other currency. The purchase order and the suppliers' order confirmation should be in English only.

II (ii) The procurement of all goods and services to be financed under the OECF Yen Credit for Gas Pipeline Project shall be made in accordance with the Guidelines of Procurement under the loan (ID-P. 30).

(a) The GAIL shall procure goods and services to be financed out of the proceeds of the loan through Formal Open International Tendering. GAIL shall obtain prior approval of OECF if it wishes to adopt procurement procedures other than Formal /Open International Tendering submitting an application for approval of OECF through the Department of Economic Affairs.

(b) Prior to issuing a notice of award to the successful bidder GAIL shall submit to OECF for its approval the analysis of bids and the proposal for award of contract. At the same time GAIL shall submit to OECF all notices, instructions to bidders, the bid form, the proposed contract specifications, drawings, and all other documents relevant to the bidding.

(c) The above documents shall be submitted by GAIL to OECF through the Department of Economic Affairs (in duplicate).

(d) The bidding documents shall state which are the eligible source countries.

